दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 306 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | मंगलवार, 09 सितंबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में समीक्षा बैठक

# बुनियादी सेवाओं को सुचारू करने के लिए तत्परता के साथ करें कार्य : भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक राहत एवं बचाव कार्यों के माध्यम से राज्य सरकार आमजन को हरसंभव मदद सुनिश्चित कर रही है। नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बुनियादी सेवाओं और सुविधाओं को तेजी से सुचारू किया जा रहा है। उन्होंने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों, नहरों, एनिकट तथा भवनों के मरम्मत के प्रस्तावों को तीन दिन में स्वीकृत करने के विशेष रूप से निर्देश दिए। साथ ही, इन स्वीकृत प्रस्तावों के कार्य 23 सितंबर तक प्रारंभ करने और क्षतिग्रस्त पक्के और कच्चे मकान की रिपोर्ट 2 दिन में प्राप्त कर तत्काल स्वीकृति जारी करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों से क्षतिग्रस्त सड़कों और भवनों के प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित भी करवाए जाएं।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जिला प्रभारी मंत्रीगण एवं जिला प्रभारी सचिवगण के साथ अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में 5 से 7 सितम्बर तक दौरा कर वापस आए मंत्रिगणों द्वारा धरातल की स्थिति और राहत तथा बचाव कार्यों पर दिए गए विस्तृत फीडबैक के आधार पर मुख्यमंत्री ने दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता के साथ जान-माल के नुकसान पर तत्परता के साथ सहायता उपलब्ध कराएं। चिकित्सा सेवाएं, खाद्य सामग्री की उपलब्धता सहित आवश्यक सेवाओं को निर्बाध और नियमित रखने और पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने निचले इलाकों और जल भराव वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभारी मंत्री व सचिव जिला कलेक्टर्स के साथ निरंतर संपर्क स्थापित कर बांधों की नियमित मॉनिटरिंग भी करें तथा समय पर गेट खुलवाकर पानी की निकासी सुनिश्चित करें।

### फसल खराबे पर त्वरित सहायता के लिए 6 सदस्यीय समिति का होगा गठन

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से हुए फसल नुकसान पर राज्य सरकार किसानों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को 33 प्रतिशत से अधिक फसल खराबे की स्थिति में बिनी किसी देरी के आर्थिक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिन स्थानों पर ऐप के माध्यम से गिरदावरी करने में समस्या आ रही है, वहां लोकेशन डिसेबल की जाए। मुख्यमंत्री ने कृषि, राजस्व और सहकारिता विभाग के मंत्रीगण और सचिवों (6 सदस्यीय) की कमेटी बनाने का सुझाव भी दिया, जो किसानों को फसल खराबे की उचित व समयबद्ध सहायता पर विशेष रूप से कार्य करें। साथ ही, यह कमेटी एडवाइजरी बनाने के साथ ही बीमा कंपनी तथा किसानों के बीच समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसा तंत्र विकसित किया जाए, जिससे पानी का सभी क्षेत्रों में समान रूप से वितरण हो। ट्यूबवेल के माध्यम से पानी को रिचार्ज करने का सिस्टम भी विकसित हो। उन्होंने आवश्यकतानुसार बांधों की ऊंचाई बढ़ाने और एनीकट के निर्माण पर विशेष जोर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रमोद जैन डिजाइन स्केप पुरस्कार से सम्मानित होंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जोधपुर स्थित मारवाड़ अंतरराष्ट्रीय केंद्र (एमआईसी) ने सरकारी एवं नागरिक भवन श्रेणी में प्रतिष्ठित डिजाइन स्केप पुरस्कार 2025 जीता है। यह पुरस्कार वास्तुकार प्रमोद जैन, मेसर्स प्रमोद जैन एंड एसोसिएट्स को 11 सितंबर, 2025 को मुंबई के सहारा स्टार होटल में द इकोनॉमिक टाइम्स राष्ट्रीय मीडिया समूह द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। एमआईसी को बड़े पैमाने पर होने वाले सम्मेलनों और कॉर्पोरेट कार्यक्रमों के लिए एक प्रमुख स्थल के रूप में डिजाइन किया गया है।

### कमांडरों के सम्मेलन का उद्घाटन 15 को करेंगे पीएम

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को कोलकाता में सशस्त्र बलों के तीन दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को कहा गया है कि 15 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सुधार, परिवर्तन और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन' है।

### जम्मू सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू।** जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया और इस घटना को लेकर पड़ोसी देश के समक्ष विरोध दर्ज कराया जा रहा है। बीएसएफ ने कहा कि घुसपैठिये के पास से 20 और 10 रुपए के दो पाकिस्तानी नोट बरामद किए गए। घुसपैठिए को पुलिस को सौंप दिया गया है।

### धनखड़ ने दिल्ली में मांगा सरकारी बंगला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा देने के करीब डेढ़ महीने बाद अपने अधिकार के अनुसार सरकार से एक बंगला आवंटित किए जाने की मांग की है। सूत्रों ने बताया कि पूर्व उपराष्ट्रपति ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को पत्र लिखकर उन्हें 'उपयुक्त' सरकारी आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। धनखड़ पिछले सप्ताह वीपी एन्क्लेव से छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फार्महाउस में स्थानांतरित हुए थे।

### आधार को बनाएं पहचान का 12वां दस्तावेज: SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 'आधार' को 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करे। बिहार में एसआईआर के लिए 11 निर्धारित दस्तावेज हैं जिन्हें मतदाताओं को अपने प्रपत्रों के साथ जमा करना होगा। न्यायाधीश सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि 'आधार' नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा और आयोग मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए मतदाता द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड संख्या की वास्तविकता का पता लगा सकता है।

## पीएम आज हिमाचल-पंजाब में बाढ़ के हालात का जायजा लेंगे

बढ़ता राजस्थान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाढ़ प्रभावित पंजाब और हिमाचल प्रदेश का मंगलवार को दौरा कर हालात का जायजा लेंगे। इस दौरान वह बेघर लोगों, किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देंगे। दोनों राज्यों में भारी बारिश व बाढ़ से व्यापक नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने नई दिल्ली में बताया कि पीएम मोदी हिमाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। वे कांगड़ा में अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और स्थिति पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा वे बाढ़ प्रभावित लोगों और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व आपदा मित्र टीमों से भी मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी पंजाब में भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। वे गुरदासपुर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे और जमीनी हालात के सिलसिले में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।



### केंद्रीय टीमें पंजाब के दौरे पर

बाढ़ प्रभावित पंजाब में हालात का जायजा लेने के लिए दो केंद्रीय टीमें पहले ही वहां भेजी जा चुकी हैं, जो अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेंगी। इस बीच, पंजाब ने राज्य के लिए 20 हजार करोड़ रुपए के राहत पैकेज की मांग की है। पंजाब सरकार के मंत्री अमन अरोड़ा ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा हाल ही में प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में राज्य के कोष के 60,000 करोड़ रुपए मांगे जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह पंजाब का अधिकार है और इसे जारी किया जाना चाहिए।

### उत्तराखंड : भूस्खलन से हरिद्वार-देहरादून-ऋषिकेश रेल मार्ग बाधित

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार में हर की पौड़ी के नजदीक सोमवार तड़के मनसा देवी की पहाड़ियों से भीमगोड़ा रेल सुरंग के समीप भारी भूस्खलन हुआ जिससे हरिद्वार-देहरादून-ऋषिकेश रेलमार्ग बाधित हो गया। वंदे भारत सहित एक दर्जन से अधिक ट्रेनों का संचालन थम गया। रेल पटरी के पास बना एक शिव मंदिर भी भूस्खलन में ध्वस्त हो गया। राज्य के आपदा-ग्रस्त जिलों में बारिश, बाढ़ व भूस्खलन से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र की एक टीम प्रभावित इलाकों का दौरा कर रही है।

### पीएम 17 को शुरू करेंगे 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत करेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर घोषणा की कि राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में 75,000 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना, बेहतर पहुंच, गुणवत्तापूर्ण देखभाल और जागरूकता सुनिश्चित करना है। ये शिविर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे।

पांच बड़े अस्पतालों की आधारशिला रखी जाएगीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन पर भाजपा ने 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने का फैसला किया है।

## तेलंगाना के सीएम के खिलाफ याचिका खारिज, SC बोला-

# नेता मोटी चमड़ी वाला होना चाहिए

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान दिए गए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के भाषण को लेकर उनके खिलाफ मानहानि के मामले को रद्द करने के हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली प्रदेश भाजपा की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और न्यायाधीश अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि हम बार-बार कह रहे हैं कि इस अदालत का इस्तेमाल राजनीतिक लड़ाई के लिए न करें। याचिका खारिज की जाती है। अगर आप नेता हैं, तो आपकी चमड़ी मोटी होनी चाहिए। भाजपा की तेलंगाना इकाई के महासचिव ने मई 2024 में रेड्डी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने पार्टी के खिलाफ अपमानजनक और भड़काऊ भाषण दिया। इसमें आरोप लगाया गया कि रेड्डी ने तेलंगाना कांग्रेस के साथ मिलकर एक फर्जी और संदिग्ध राजनीतिक कहानी गढ़ी कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह आरक्षण खत्म कर देगी।




## ब्रिक्स देशों की वर्चुअल शिखर बैठक में शामिल हुए जयशंकर

# वैश्विक व्यापार को खुला रखने और निवेश बढ़ाने पर जोर

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि आज दुनिया की स्थिति चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि विभिन्न वैश्विक चुनौतियों के सामने बहुपक्षीय प्रणाली दुनिया की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल होती दिख रही है। उन्होंने वैश्विक व्यापार को खुला रखने और इसमें रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की वकालत की। जयशंकर सोमवार को ब्रिक्स वर्चुअल शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिनिधि के रूप में शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डसिल्वा शामिल हुए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर ब्रिक्स समूह की आपात बैठक हुई। इन वैश्विक नेताओं के सामने अपनी बात करते हुए विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधार पर जोर दिया और उम्मीद जताई है कि ब्रिक्स सामूहिक रूप से इस बहुप्रतीक्षित बदलाव के लिए अपनी बात मजबूती से रखेगा।

### अंतरराष्ट्रीय सिस्टम पर जताई चिंता

विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में बिना नाम लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए मनमाने टैरिफ का भी जिक्र किया। दुनिया में अभी जो हालात हैं, उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वो अंतरराष्ट्रीय सिस्टम जिन पर देश भरोसा करते हैं, वो फिलहाल उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर रहा है। इसका मतलब है कि आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा से जुड़े कई मसले ऐसे हैं, जिनमें देशों को संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो रहा है।

## शेड्यूल में नहीं था सिरोही पर आनन-फानन में तय किया दौरा

# प्रभारी मंत्री की संजीदगी है या मुख्यमंत्री के निर्देशों की सख्ती

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** अब इसे प्रभारी मंत्री की संजीदगी कहे या मुख्यमंत्री के निर्देशों की सख्ती, लेकिन यह जरूर है कि जिला प्रभारी मंत्री केके बिश्नोई ने सिरोही का आनन-फानन में दौरा किया और रात को ही अधिकारियों की बैठक ली। हालांकि अपने जिला प्रभार वाले जालोर में अतिवृष्टि में हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए उन्होंने शेडयूल तय किया था, लेकिन सिरोही को इसमें शामिल नहीं किया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला प्रभारियों को 5 से 7 सितम्बर तक अपने-अपने क्षेत्र में रहना था। ऐसे में सिरोही के लिए रविवार दोपहर को ही शेड्यूल तय किया गया और रात को बैठक ली।


सिरोही के आत्मा परियोजना सभागार में रात को अधिकारियों की बैठक लेते जिला प्रभारी मंत्री।

इसलिए रात को ही बैठक ली गई मुख्यमंत्री ने जिला प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्र में रहने एवं अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए थे। जिला प्रभारी मंत्री केके बिश्नोईअपने प्रभार क्षेत्र में आने वाले जालोर में वे बैठक ले चुके थे, लेकिन सिरोही उनके दौरे में शामिल नहीं था। सिरोही भी इनके ही प्रभार में होने से संभवतया आनन-फानन में ही दौरा तय कर रविवार रात यहां जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक ली गई। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग राज्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री केके बिश्नोई के कार्यालय से 4 सितम्बर को तीन दिवसीय दौरे का शेडयूल जारी गया था। इसमें सिरोही जिले का नाम तक नहीं था। यहां तक कि प्रोटोकॉल सम्बंधी व्यवस्थाओं के लिए भी जयपुर, अजमेर, ब्यावर, जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जालोर, पाली, नागौर व सीकर जिला कलक्टर को प्रतिलिपि भेजी गई थी। चाहे जो लेकिन, यह तय है कि अतिवृष्टि में हुए नुकसान को लेकर सरकार संजीदा है। यही कारण रहा कि जिला प्रभारी ने प्रोटोकॉल व्यवस्थाओं दरकिनार करते हुए भी आनन-फानन में अपना दौरा तय किया। मुख्यमंत्री से मिले निर्देशों के तहत तीन दिनों में ही इन्होंने अपने प्रभार वाले जालोर व सिरोही दोनों जिलों में अधिकारियों की बैठक ली। इसमें अतिवृष्टि के सम्बंध में राहत कार्य, बचाव कार्य एवं तैयारियों को लेकर निर्देश दिए।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** ग्राम पंचायत भूरीभड़ाज में उड़ान टीम और जन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया।

पूर्व पंचायत समिति सदस्य व उड़ान टीम के संयोजक हरिद्वारी लाल स्वामी ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बरगद का पौधा लगाकर भविष्य में इसे विशाल रूप दिया जाएगा, जो कई बेजुबानों का आशियाना बनेगा। हरिद्वारी लाल ने कहा, "पेड़ पौधे ही पृथ्वी का असली श्रृंगार हैं। इसलिए सभी को समय-समय पर पौधारोपण करना चाहिए और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखना चाहिए।" इस दौरान पूरण दास स्वामी, बालजी, रामनिवास यादव, महादेव दास, गिरीराज स्वामी, अमित सैन, जगराम स्वामी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने अभियान के महत्व को समझते हुए भविष्य में भी पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

## मयंक वाधवानी ने कॉमेडी में शहर का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर के युवा कलाकार मयंक वाधवानी ने पिछले सात वर्षों में कॉमेडी के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से शहर का नाम रोशन किया है। मयंक ने बताया कि उन्होंने 2019 में ओपन माइक कार्यक्रम से अपने करियर की शुरुआत की और इंडिया हैबिटेट क्लब के मंच पर धमाकेदार प्रदर्शन कर उदयपुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाया। वर्तमान में मयंक वाधवानी उत्तर भारत के सबसे बड़े कॉमेडी क्लब 'द लाफस्टोर' में प्रदर्शन करने वाले उदयपुर के पहले कॉमेडियन बन चुके हैं। अपने हास्य प्रदर्शन के जरिए वे न केवल स्थानीय स्तर



पर बल्कि राष्ट्रीय मंचों पर भी उदयपुर की पहचान बना रहे हैं और शहर को कॉमेडी के नक्शे पर स्थापित कर रहे हैं।

## उदयपुर के मयंक वाधवानी ने कॉमेडियन के रूप में शहर का नाम किया रोशन




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर निवासी मयंक वाधवानी ने पिछले 7 वर्षो के दौरान कॉमेडी के क्षेत्र में शहर का नाम रोशन किया है। मयंक ने बताया कि उन्हांने 2019 में ओपन माइक से लेकर इंडिया हैबिटेट क्लब के मंच पर धूम मचाते हुए शहर का नाम रोशन किया गया। अब वे उत्तर भारत के सबसे बड़े कॉमेडी क्लब-द लाफस्टोर में परफॉर्म करने वाले उदयपुर के पहले कॉमेडियन बने है। मयंक उदयपुर को स्थानीय हंसी से लेकर राष्ट्रीय मंचों तक कॉमेडी के नक्शे पर ला रहे हैं।

## जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में कपासन की विजेता टीमों का स्वागत अभिनंदन किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** 69वीं जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में नगर के राउप्रावि बुद्धाखेड़ा विद्यालय की दोनों टीम छात्र-छात्रा (14 वर्ष) वर्ग में जिला चैंपियन बन विद्यालय आगमन पर उत्साहपूर्वक स्वागत अभिनंदन किया गया। राजकीय विद्यालय बुद्धाखेड़ा संस्था प्रधान कैलाशचंद्र कुमावत ने बताया कि गंगरार के महेश शिक्षा केंद्र में आयोजित हुई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर छात्र एवं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।जिसके अंतर्गत छात्र वर्ग में नरेंद्र कोदली,सुनील गाड़ी लोहार,पृथ्वीराज जाट,विष्णु जाट,गोपाल भील तथा छात्रा वर्ग में अलवीरा बानो,खुशी खटीक,कविता कालबेलिया,सिमरन बुनकर,निशा गाड़ी लोहार रही। इसके उपरांत विद्यालय आगमन पर प्रशिक्षक उज्ज्वल दाधीच,टीम प्रभारी शकुंतला वर्मा एवं विद्यालय परिवार द्वारा खिलाडिय़ों को उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर शिक्षक शंकर सिंह राणावत,सुशीला गौड़,चंद्रमोहन कुमावत आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी विद्यालय बर में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बर में 59वां अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में मनाया गया। उन्होंने कहा कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम 2022-27 का उद्देश्य भारत को पूर्ण साक्षर बनाना और सभी को डिजिटल साक्षरता से जोडऩा है। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी



ढगला राम बागड़ी व सहायक साक्षरता अधिकारी पाली नाथूराम जाट ने भी डिजिटल व बैंकिंग साक्षरता के महत्व पर विचार रखे।कार्यक्रम में सर्वेयरों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## दर्दनाक हादसा: 5 वर्षीय मासूम की अवैध हथियार से मौत

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** ग्राम छीतोली स्थित बरड़ा की ढाणी में रविवार की देर शाम एक भयावह हादसा हुआ, जिसमें 5 वर्षीय मासूम देवांशू उर्फ देवायुष की देसी कट्टे से खेलते समय गोली लगने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मासूम घर पर अकेला खेल रहा था, तभी घर में रखे संदूक में अवैध हथियार मिल गया। खेल-खेल में उसने ट्रिगर दबा दिया और गोली सीधे उसकी कनपटी में जा लगी। घटना के समय उसके माता-पिता घर पर मौजूद नहीं थे। गोली लगते ही देवांशू लहूलुहान होकर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत और थानाधिकारी



सोहन लाल अपने जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। मासूम की अचानक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा है। परिजनों ने बताया कि देवांशू परिवार का इकलौता बच्चा था। पिता मुकेश पहले डिफेंस एकेडमी चलाते थे, जिसे बाद में बंद कर दिया और गायिकी शुरू की। वहीं पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## मालीराम यादव कोटपूतली-बहरोड़ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** अहीर यादव फाउंडेशन ने ग्राम कुनेड़ के निवासी मालीराम यादव, पुत्र फूलाराम यादव को कोटपूतली-बहरोड़ जिला उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव ने मालीराम यादव को बधाई दी और कहा कि अहीर यादव फाउंडेशन समाज के विकास और जरूरतमंदों की सहायता में निरंतर सक्रिय है।

उन्होंने बताया कि फाउंडेशन समाज के सदस्यों के बीच भाईचारे, प्रेम और स्नेह की भावना विकसित करने के साथ-साथ सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। मालीराम बाडीगर ने इस अवसर पर कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के पिछड़े और हाशिए पर रहे क्षेत्रों में सेवा गतिविधियों के माध्यम से लोगों के जीवन में सुधार लाना है।

इस नियुक्ति के अवसर पर फतेहपुरा खुर्द से आए बजरंग यादव, रेखा यादव, रामसिंह भाटोटिया, आकाश खेलना, गोपाल शेखावत समेत अन्य सामाजिक सदस्य मालीराम यादव का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर सैनी समाज की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे स्थित राम पैलेस में महात्मा फुले ब्रिगेड संस्थान एवं ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के संयुक्त तत्वाधान में आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन की बैठक समिति अध्यक्ष रामसिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर रामसिंह सैनी ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि आज भी समाज में दहेज के लिए महिलाओं को मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है, और इस प्रकार के सम्मेलन महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देने में सहायक साबित हो सकते हैं। समिति सचिव रामनिवास सैनी ने बताया कि सम्मेलन के लिए अब तक आठ जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। उन्होंने समाज के सभी बंधुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक जोड़ों का पंजीयन कराएं और इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दें। बैठक के दौरान जिला स्तरीय समाज सेवा और पर्यावरण/जनकल्याण कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले मोहन लाल सैनी का समिति पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं द्वारा सम्मान किया गया।

### राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष ने बताया हमने सौंप दी अंतिम रिपोर्ट

## पंचायतों व निकायों में अटका पैसा जल्द मिलने की उम्मीद

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** पंचायतों व निकायों में पैसों से अटके कार्य अब शुरू होने की उम्मीद है। राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने यहां पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वित्त आयोग ने एक महीने में ही अपनी अंतिम रिपोर्ट राज्यपाल को दे दी है, जो विधानसभा में जाएगी। फिर पंचायत व निकायों को अप्रेल माह से अटका फंड मिलना शुरू हो जाएगा। आयोग अध्यक्ष एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को सिरोही आए थे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की।

जल्द जारी करेंगे राहत पैकेज

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान को लेकर सरकार जल्द ही राहत पैकेज जारी करेगी। इसके लिए जिला



प्रभारी मंत्रियों को प्रभार वाले जिलों में भेजा गया है। प्रभारी मंत्री व विधायक अपने-अपने क्षेत्र में किसानों व जनता से रूबरू होकर नुकसान का आकलन करेंगे सरकार तक पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि पानी व बिजली जैसी बड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। सोलर को लेकर बड़े समझौते हुए हैं, जिससे आगामी दिनों में यहां बिजली उत्पादन कर दूसरे राज्यों को दी जाएगी। आने वाले समय में चार लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा पूरा किया जाएगा। इस सरकार के कार्यकाल में जितनी भी प्रतियोगी परीक्षाएं हुई, उनमें कहीं भी पेपर लीक का मामला सामने नहीं आया। राइजिंग राजस्थान में हुए समझौतों से प्रदेश में विकास व रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर सिरोही पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने सर्किट हाउस में पूर्व विधायक तारा भंडारी से भी मुलाकात की तथा कुशलक्षेम पूछी। पूर्व में अपने साथ संगठनात्मक कार्य कर चुके लोकेश खंडेलवाल से भी उन्होंने गर्मजोशी से मुलाकात कर पुरानी यादों को ताजा किया।

## सनातन धर्म कॉलेज में हिंदी सप्ताह का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर में हिंदी विभाग, साहित्य परिषद एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी सप्ताह का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिखवाल ने मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से की।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने करते हुए पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता सूचना प्रदान करने का सशक्त माध्यम है जो समाज को मुद्दों और विचारों से अवगत कराता है। साहित्य परिषद की संयोजिका डॉ. अंजली जयपाल ने आशु भाषण प्रतियोगिता की भूमिका बताते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों की सोचने की क्षमता, अभिव्यक्ति और बौद्धिक विकास में सहायक होती है।

### 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

# 52 टीमों के 372 खिलाड़ी करेंगे प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** गायत्री पब्लिक स्कूल में सोमवार को शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग (माध्यमिक/उच्च माध्यमिक प्रथम समूह) की खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल अधिकारी, शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि करौली विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह गुर्जर ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि "खिलाड़ी अनुशासन में खेलता है, तो न केवल अपने प्रदर्शन से बल्कि देश और विदेश में भी नाम रोशन करता है। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक




शिक्षा करौली इंद्रेश तिवारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। खेलों में भाग लेने से शरीर स्वस्थ रहता है और खिलाड़ी भाईचारा, अनुशासन, देशभक्ति और निडरता सीखते हैं। संयोजक जनक सिंह बैंसला और शारीरिक शिक्षक प्रियकांत बेनीवाल ने जानकारी दी कि इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल राम मीणा, उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीणा, पी.ई.ई.ओ., प्रधानाचार्य सतीश जैन, ब्लॉक भाजपा अध्यक्ष नादोती सुमरन सिंह खटाना, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष करण फूल मीणा सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

रामविलास चेतीवाल और निरंजन गिरी ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले भर से कुल 52 टीमों के 372 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 8 सितंबर से 11 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का मंच संचालन फिजिकल टीचर प्रियकांत बेनीवाल ने किया।

उद्घाटन समारोह में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान विजय बहादुर सिंह, चेतीवाल, निरंजन गिरी, नितिन सिंह, जसवंत, देवेंद्र सिंह, यतींद्र सिंह, प्रताप सिंह, अंजू खीचड़, रामलखन मीणा, वीर बहादुर सिंह सहित अन्य अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त जिला शारीरिक शिक्षक संघ के प्रारंभिक शिक्षा के जिला अध्यक्ष हरीश पाठक, पूर्व शारीरिक शिक्षक महेंद्र शर्मा, व्याख्याता वीरेंद्र सिंह, भूपाल सिंह, नरेंद्र बाबा और भजबंत सिंह का भी सम्मान किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच वॉलीबॉल में हुआ, जिसमें बागोर (नादोती) ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धुरसी को 2-0 से हराया।

# खनन कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी के आश्वासन के बाद ग्रामीण हुए शांत

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** खनन कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को भडक़ उठा। कुजोता -अजीतपुरा मे लगातार 30 दिनों से चल रहे धरना-प्रदर्शन के बाद भीम पटेल, पूर्व संसदीय सचिव रामसरूप कसाना, रामनिवास यादव, तारा पुतली, गिरेंद्र सिंह, इंद्राज कसाना, प्रकाश सैनी, मुकेश गोयल और प्रभा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रैली निकालकर जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कंपनी अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई है और उनकी जायज मांगों को पूरी तरह अनसुना कर रही है। ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए कि कंपनी समर्थित कुछ बदमाशों ने धरनास्थल से उनका तंबू चोरी कर लिया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी के लोग गांव में घूम-घूमकर उन्हें धमकाते हैं और लाठी-डंडों से मारपीट करते हैं। यह सब कथित तौर पर पुलिस की मौजूदगी में होता है, बावजूद इसके शिकायत करने पर कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं, जिन्होंने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया। धरना करीब पाँच घंटे तक चला।ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपकर कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि विवादित क्षेत्र पर कंपनी की पुरानी लीज मौजूद है, लेकिन वर्तमान में वहां आबादी बढ़ चुकी है। लीजधारक को निर्देशित किया गया है कि वह नियमों के अनुसार कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस अधीक्षक को कानून व्यवस्था बनाए रखने के आदेश दिए गए हैं और कंपनी के कर्मचारियों की गतिविधियों की जांच भी की जाएगी।कलेक्टर ने कहा, गुंडागर्दी के मामलों में शून्य सहनशीलता नीति अपनाई जाएगी। किसी को भी कानून से ऊपर रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ग्रामीणों ने आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त किया, लेकिन साफ किया कि वे अपने हक के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

### न्यूज़ ब्रीफ

## बाय का दशहरा मेला का पोस्टर विमोचन हुआ



**बढ़ता राजस्थान, दांतारामगढ़ (हनुमान सिंह बुरानियां)।** निकटवर्ती गांव बाय का दशहरा मेला 2 अक्टूबर को मनाने को लेकर श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर प्रांगण में पोस्टर विमोचन किया गया। विमोचन श्री दशहरा मेला समिति के अध्यक्ष प्रहलाद सहाय मिश्रा और मंत्री नौरंग सहाय भारतीय ने किया।गौरतलब है दो दिवसीय बाय का दशहरा मेला 180 वर्षों से मनाते आ रहे हैं। यहां संजीव चित्रण करके राम और रावण का युद्ध किया जाता है रात को अनेक प्रकार से देवी देवताओं की झांकियां और राजस्थानी को कॉमिक का आयोजन किया जाता है।मेले की तैयारी और सफल आयोजन को लेकर श्री दशहरा मेला समिति की लगातार बैठके आयोजित की जा रही है।पोस्टर विमोचन के दौरान श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नागरमल मिश्रा,श्री दशहरा मेला समिति के कोषाध्यक्ष मास्टर मुरारी लाल शर्मा, मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह दायमा, बबलू सोनी,राजकुमार टेलर,रामचंद्र कुमावत,करण शर्मा,गौरव मिश्रा,बसंत पाराशर,जीवण लाल खांडल, राकेश दायमा,मंदिर पुजारी गोलू पाराशर, सहित कस्बेवासी मौजूद रहे।

## रींगस में दो बाइक चोर धरे, मेले से चुराई मोटरसाइकिल

**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** थाना इलाके में आए दिन होने वाली वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को रींगस एसीजेएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 3 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया। एएसआई सांवताराम गुर्जर ने बताया कि बाइक चोरी के आरोपी रींगस के वार्ड संख्या 1 की न्यू आजाद कॉलोनी निवासी साजिद (21) पुत्र नासिर मोहम्मद और सचिन (29) पुत्र जेठाराम गवारिया को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों ने 31 अगस्त को रींगस के भैरु बाबा के मेले से मोटरसाइकिल चुराई थी। आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जाएगी। प्रारंभिक पूछताछ में बाइक चोरों ने पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद वह ग्राहक ढूंढते थे और करीब एक लाख रुपए कीमत की मोटरसाइकिल को औने-पौने दामों में बेच देते थे।

## स्वास्थ्य केंद्र सिहोड़ के डॉक्टर पंकज यादव को उपनिदेशक पद की जिम्मेदारी



**बढ़ता राजस्थान, पाटन (बिल्लूराम सैनी)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टरों के पद पर पदोन्नति की गई है, जिसके अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहोड़ के चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. पंकज यादव को डिप्टी डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहोड़ के समस्त स्टाफ एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा डॉ. यादव का भव्य स्वागत किया गया। एवं समस्त स्टाफ द्वारा एवं ग्रामीणों द्वारा डॉ. पंकज यादव को माला एवं साफा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित सभी लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. यादव को पूर्व में भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए कई बार सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन आनंद, फार्मासिस्ट के के सैनी कंप्यूटर ऑपरेटर राम सिंह यादव, नर्सिंग स्टाफ सावित्री, नवीन, ममता, नरोत्तम एएनएम प्रेमलता, प्रदीप यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के द्वारा विशाल वार्षिक भंडारे का किया गया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** चांदपोल तोपखाने के रास्ते में स्थित बाबा रामदेव मंदिर के पूजारी हरीश पीपलीवाल ने बताया कि हर वर्ष कि भांति भादवे मे पूर्णिमा पर सर्व समाज के लोगों के साथ मिलकर इस विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की तादाद में पंगद प्रसादी का आयोजन किया जाता है मंदिर पुजारी ने बताया कि भादवे कि पूर्णिमा को किया जाता है पर इस बार पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण होने के कारण इस बार हमारे द्वारा एक दिन पहले ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के संयोजक हरीश पीपलीवाल, सहसंयोजक कपिल वर्मा, उपसंयोजक विजयभवानी, कार्यक्रम अधिकारी विवेक खटूमरिया,विष्णुमंगल खटूमरिया ने मुख्य अतिथि छोटी चौपड़ थाना अधिकारी महावीर सिंह यादव, रैगर समाज के पूर्व अध्यक्ष फूलचंद मुण्डोंतिया, सुरेश सैनी,अशोक कुमार,बगरू विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी जनसेवक श्व॥ष्टष्ट अस्पताल मे ह्रदय विशेषज्ञ डॉ भवानी शंकर पीपलीवाल को दूपट्टा व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया साथ ही,सोनू मीणा, भागचंद कराडिया, मुलचंद कराडिया, सुरेश कराडिया, रामस्वरूप नराणिया,पूरण कांसोटिया, ओमप्रकाश कांसोटिया,पवन कनवाडिया अशोक नोगिया,विजय नोगिया, मनजीत पीपलीवाल,देवैन्दर बाकोलिया, राकेश गुसाईवाल,आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए एमओयू की क्रियान्विति की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राइजिंग राजस्थान के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के दौरान किए गए एमओयू की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित कर समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश प्रदान किए गए ।जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि एमओयू के तहत भूमि संबंधित प्रकरण, कनवर्जन, विद्युत आपूर्ति एवं एनओसी के कार्यों का प्राथमिकता से निस्तारण करें एवं निवेशक से बेहतर समन्वय करते हुए समयबद्ध कार्य प्रारंभ करवाने के प्रयास करें ।जिला उद्योग अधिकारी दिलखुश मीणा ने विभागवार प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत कोटपूतली-बहरोड जिले में 122 एमओयू लगभग 10280 करोड़ निवेश प्रस्तावित हुए थे और राजनिवेश पोर्टल पर अब तक जिले में कुल 318 एमओयू किए हैं, जिनमें कुल प्रस्तावित निवेश लगभग 23000 करोड रुपए एवं प्रस्तावित रोजगार लगभग 70 हजार है। जिले में किए गए 318 एमओयू में से 182 के पास भूमि उपलब्ध हो चुकी है जिनमें से अब तक 111 (36.03 प्रतिशत) एमओयू ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है जिनके माध्यम से 4599.05 करोड़ का निवेश जिले में हो चुका है और लगभग 7350 नए रोजगार सर्जित हुए हैं जिनमें से 49 (15.40 प्रतिशत) एमओयू में प्रोडक्शन स्टार्ट / इंप्लीमेंट हो चुके हैं इनके अलावा 71 भूमि उपलब्ध एवं अंडर प्रोसेस स्टेज पर है जो जल्दी इम्पलीमेंट होने की संभावना रखते हैं।

## न्यायालय के आदेशानुसार गोचर भूमि पर पट्टों पर लगा प्रतिबंधित

**बढ़ता राजस्थान, जयपुर(का.स.)।** पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि न्यायालय के आदेशानुसार गोचर भूमि पर किसी भी प्रकार का पट्टा दिया जाना प्रतिबंधित है। दिलावर प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी तक के नियमों एवं न्यायालय के प्रतिबन्ध के कारण चरागाह भूमि पर किसी भी प्रकार का पट्टा नहीं दिया जा सकता है। इससे पहले विधायक सुभाष मील के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में आवश्यकतानुसार एवं ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव अनुसार गुणावगुण के आधार पर आबादी हेतु भूमि का आवंटन किया जाता है। ग्राम पंचायत की आबादी भूमि में बसे लोगों को सरकार समय-समय पर नियमानुसार पट्टे भी जारी कर रही है।

## रक्तदान से मिलता है एक नया जीवनदान डॉ. शुभा शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** कस्बे के वेदांत पीजी महिला महाविद्यालय में सोमवार को विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर ताखर हेल्थ केयर एंड रिसर्च सेंटर रींगस के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर डा. शुभा शर्मा, ताखर आई केयर हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. बलवीर सिंह ताखर, बीटीएस हॉस्पिटल रींगस एचआर मैनेजर सरदार सिंह मान, डीके कुमावत सहित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रोफेसर डा. शुभा शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है।

### आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या मैना देवी पत्नि श्री गोपाल लाल बागडा निवासी चेजारों का मोहल्ला, कस्बा किशनगढ रेनवाल जिला जयपुर के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति जो आवासीय सम्पत्ति कस्बा किशनगढ़ रेनवाल, तहसील किशनगढ़ रेनवाल जिला जयपुर राज. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रल 313.44 है जो दिनांक 17.09.1967 को ग्राम पंचायत किशनगढ़ रेनवाल द्वारा ओमप्रकाश पुत्र श्री चौथमल के नाम से पट्टा जारी किया हुआ था तत्पश्चात् दिनांक 30.06.1977 को जुगलकिशोर पुत्र श्री नवलराम ने ओमप्रकाश पुत्र श्री चौथमल से खरीद की हुई थी तत्पश्चात् जुगलकिशोर का स्र्वगवास 24.12.1996 हो गया है उनके स्वर्गवास के पश्चात् उनके विधिक वारीस माना देवी (पत्नि फोत), श्रवण (अविवाहित फोत) व गोपाल लाल बागड़ा वारिस हुए तत्पश्चात् गोपाल लाल बागड़ा पुत्र श्री जुगलकिशोर ने मेरी अभिभाष्या के पक्ष में दिनांक 03.099.2025 को जरिये बक्शिशनामा कर दिया है जो उप पंजीयन कार्यालय किशनगढ़ रेनवाल द्वारा किया हुआ है। इस सम्पत्ति में गोपाल लाल बागड़ा के अलावा अन्य कोई विधिक वारीस नहीं है ना ही इस सम्पत्ति पर कोई वाद-विवाद है। इस सम्पत्ति पर मेरी अभिभाष्या ने AU Small Finance Bank Ltd. Branch VKI Jaipur से ऋण प्राप्त कर रही है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के मालिकाना हक एवं कब्जे के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक-06.09.2025

कैलाश चन्द्र अग्रवाल (पटवारी)
एडवोकेट
मो. 9928371734, 9314141813

## जयपुर जेल में फिर मिले मोबाइल फोन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** लाल कोठी थाना इलाके में स्थित सेंट्रल जेल में मोबाइल फोन और अन्य निषिद्ध सामग्री मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां जेल प्रशासन की ओर से रविवार को अचानक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान जेल के वार्ड नंबर 6, 9 और 11 से चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनमें दो एंड्रॉयड और दो कीपैड फोन शामिल हैं। इसके अलावा डाटा केबल, जर्दे की पुडिया सहित अन्य निषिद्ध सामग्री भी पकड़ी गई। जिसके मिलने के बाद जेल प्रशासन में हडक़ंप मच गया है। तलाशी के बाद जेल प्रशासन ने तुरंत थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद ने बताया कि जेल प्रहरी धर्मवीर सिंह ने राजस्थान प्रिजन्स एक्ट (संशोधन 2015) की धारा 42 के तहत मामला दर्ज करवाया है कि जेल प्रशासन की ओर से अचानक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान जेल के वार्ड नंबर 6, 9 और 11 से चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनमें दो एंड्रॉयड और दो कीपैड फोन शामिल हैं। इसके अलावा डाटा केबल, जर्दे की पुडिया सहित अन्य निषिद्ध सामग्री भी पकड़ी गई।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

## जयपुर में द्रव्यगुणोदीयमानम् विषय पर 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर(का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में द्रव्यगुण विभाग द्वारा द्रव्यगुणोदीयमानम विषय पर 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आयुष आहार समिति की अध्यक्ष एवं पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मीता कोटेचा ने किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. कोटेचा ने कहा कि आयुर्वेद में औषध द्रव्यों की तरह आहार द्रव्यों का मानकीकरण भी आज की आवश्यकता बन गया है। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आयुष आहार नियमावली 2022 का प्रकाशन किया गया है।

इस अवसर पर द्रव्यगुण विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुदीप्त रथ ने सीएमई के विषय मे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य औषधियों की गुणवत्ता एवं कार्यमुक्ता को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रमाणित करना है। इस हेतु प्रतिभागियों को एचपीएलसी, एचपीटीएलसी, एलसी-एमएस, आईसीपी-एमएस, जीसी-एमएस, माइक्रो सिटी, एवं एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन जैसे आधुनिक उपकरणों और विधियों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रो. सुदीप्त रथ ने बताया कि इस सीएमई में भारतवर्ष के 15 राज्यों से कुल 30 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में संस्थान के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम आगामी दिनों में विविध तकनीकी सत्रों और प्रायोगिक कार्यशालाओं के माध्यम से द्रव्यगुण विषय को आधुनिक संदर्भों में सुदृढ़ करेगा।

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता
### सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड-तृतीय, जयपुर

क्रमांक : 2564

दिनांक : 27-08-2025

**निविदा सूचना संख्या 41/2025-26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | - | निर्माण एवं मरम्मत का कार्य। |
| 2 | कार्यों का संख्या | - | 8 Works |
| 3 | निविदा की कुल लागत (रुपयों में) | - | 8.17 Lac |
| 4 | धरोहर राशि | - | 16340.00/- |
| 5 | निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तारीख | - | 9.9.2025 |
| 6 | निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख | - | 10.9.2025 |
| 7 | निविदा खोलने की तारीख | - | 10.9.2025 |

| NIT S.No. | UBN No. | NIT S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB11394 | 5 | PWD2526WSOB11398 |
| 2 | PWD2526WSOB11395 | 6 | PWD2526WSOB11399 |
| 3 | PWD2526WSOB11396 | 7 | PWD2526WSOB11400 |
| 4 | PWD2526WSOB11397 | 8 | PWD2526WSOB11401 |

(पवन कुमार कुलश्रेष्ठ)
अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि., नगर खण्ड-तृतीय, जयपुर

DIPR/C/12956/2025

## सम्पादकीय

# औपनिवेशिक प्रपंच की निरंतरता, भारत को भीतरी गद्दारों से रहना होगा सावधान

भारत को विभाजित करने की औपनिवेशिक टूलकिट आज भी कई रूपों में सक्रिय है। इसकी झलक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो के हालिया विषवमन में मिलती है। यूक्रेन-रूस सैन्य संघर्ष को 'मोदी का युद्ध' बताने वाले नवारो ने भारत द्वारा सस्ती दरों पर रूस से की जा रही तेल खरीद पर कहा कि इससे ब्राह्मणों को ही लाभ मिल रहा है। यह कोई आकस्मिक प्रतिक्रिया या अमेरिकी संदर्भ में दिया वक्तव्य नहीं है। यह उसी विषबेल की ही कोपल है, जिसकी जड़ें देश के भीतर पहले से ही रोपी जा चुकी हैं, जहां एक राजनीतिक समूह विकृत नैरेटिव गढक़र दलितों-वंचितों को शेष हिंदू समाज के विरुद्ध खड़ा करने और मुसलमानों को मजहब के नाम पर एकजुट रखने का प्रपंच दशकों से रच रहा है। सच तो यह है कि भारत को कई टुकड़ों में विभाजित करने की विकृत आकांक्षा विदेशी शक्तियों की चिरस्थायी कुंठा रही है। उनके निशाने पर केवल ब्राह्मण नहीं, अपितु संपूर्ण हिंदू समाज है। ब्राह्मणों का दानवीकरण कोई संयोग नहीं, बल्कि सुनियोजित षड्यंत्र है। ब्राह्मणों के प्रति घृणा की जड़ें हमें सीधे 16वीं शताब्दी और उसके उपरांत गढ़े गए कुटिल प्रपंचों में दिखाई देती हैं। जब 16वीं शताब्दी में भारत के दक्षिणी हिस्से में जेसुइट मिशनरी फ्रांसिस जेवियर का आगमन हुआ, तब उसने ब्राह्मणों को ईसाई मतांतरण के मार्ग का सबसे बड़ा अवरोधक माना।

जेवियर ने 31 दिसंबर 1543 को 'टू द सोसायटी एट रोम' को पत्र लिखकर कहा, यदि ब्राह्मण विरोध न करें, तो हम यहां सबको मसीह के चरणों में ले आएं... इतने वर्षों में मैंने केवल एक ब्राह्मण का ही मतांतरण किया है। इसके बाद जेवियर ने 'गोवा इंक्विजीशन' का रक्तरंजित अभियान चलाया। इसमें केवल हिंदू ही नहीं, बल्कि वे सीरियाई ईसाई भी शिकार बने, जो कैथोलिक रोमन चर्च के बजाय अपनी प्राचीन उपासना-पद्धति का पालन कर रहे थे। चर्च की दृष्टि में यह इतना बड़ा 'अपराध' था कि ऐसे लोगों की जीभ काट दी गई, तो जीवित रहते उनकी चमड़ी तक उधेड़ ली गई।

जेवियर के बाद 17वीं शताब्दी में राबर्ट डी नोबिली नामक अन्य जेसुइट मिशनरी भारत आया। ब्राह्मणों की जनसम्मानित प्रतिष्ठा देखकर उन्होंने साधु-संन्यासी का वेश धारण किया और स्वयं को 'व्हाइट ब्राह्मण' बताने लगा। मतांतरण की इस युक्ति को लेकर रोम में काफी विवाद भी हुआ। जब वर्ष 1757 में राबर्ट क्लाइव ने प्लासी युद्ध में निर्णायक जीत के साथ भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव रखी, तब कालांतर में इस मजहबी षड्यंत्र को गति मिली।

1813 में ईस्ट इंडिया कंपनी के चार्टर में अंग्रेजों ने विवादास्पद अनुच्छेद जोडक़र न केवल अपने पादरियों और मिशनरियों के लिए भारतीयों के मतांतरण का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि उन्हें हर प्रकार के आधिकारिक सहयोग का भी आश्वासन दिया। उस समय गवर्नर-जनरल रहे लार्ड मिंटो ने अपने एक ज्ञापन में कुछ मिशनरियों की प्रचार सामग्री पर टिप्पणी की थी, 'इस ग्रंथ का अधिकांश भाग वस्तुतः ब्राह्मणों के सामूहिक संहार को लक्षित करता दिखता है।' इस प्रकार चर्च-मिशनरी ने अंग्रेजों के साथ गठजोड़ कर निहित स्वार्थ साधने हेतु ब्राह्मणों को कलंकित करने की विधिवत पटकथा लिखनी प्रारंभ की। इस उपक्रम में पहले मद्रास (चेन्नई) के ब्राह्मणों और अन्य सवर्ण-शिक्षित हिंदू वर्ग के मतांतरण का प्रयास किया गया, किंतु इसमें पूर्णतः असफल रहे। तब ब्रिटिश इतिहासकार और नेता थामस बैबिंगटन मैकाले ने अपनी कुख्यात 'मिनट आन इंडियन एजुकेशन' के माध्यम से भारतीय शिक्षा पद्धति को विकृत करने का अभियान चलाया।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 9 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1776 - अमेरिकी संसद कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर देश का नाम 'यूनाइटेट कॉलोनीज़' से बदलकर संयुक्त राज्य अमेरिका किया।
- 1850 - कैलीफोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना।
- 1867 - यूरोपीयीय देश लक्जमबर्ग ने स्वतंत्रता हासिल की।
- 1915 - प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी सचिन्द्रनाथ सान्याल और अंग्रेज़ों के बीच उड़ीसा के काप्टेवाड़ा में संघर्ष।
- 1920 - अलीगढ़ का एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज 'अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय' में रूपांतरित हो गया।
- 1924 - 9 सितंबर से 11 सितंबर तक भारत में कोहाट दंगे हुए।
- 1949 - भारत की संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया।
- 1976 - माओ त्से तुंग का देहावसान एवं कुओ फ़ेंग राष्ट्रपति बने।
- 1939 - द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजी सेना वर्साय पहुँची।
- 1954 - अफ्रीकी देश अल्जीरिया में भूकंप से 1400 लोग मरे।
- 1965 - तिब्बत चीन का स्वायत्त क्षेत्र बना।
- 1967 - युगांडा ब्रिटेन से आज़ाद हुआ।
- 1979 - जोगेन्द्रनाथ हज़ारिका ने मुख्यमंत्री का पद ग्रहण किया।
- 1991 - तज़ाकिस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1998 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और मोनिका लेविंस्की प्रकरण पर स्वतंत्र वकील केनेथ स्टार ने अपनी बहुचर्चित रपट कांग्रेस को प्रेषित किया।
- 1999 - भारत के महेश भूपति तथा जापान की आर्क सुगियामा की जोड़ी ने अमेरिकी ओपन का मिश्रित युगल ख़िताब जीता।
- 2001 - वीनस विलियम्स ने छोटी बहन सेरेना को ग्रैंडस्लैम फ़ाइनल में हराया।
- 2002 - पीट सम्प्रास ने आंद्रे अगासी को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस ख़िताब जीता।
- 2004 - फ़िलिस्तीन के प्रधानमंत्री अहमद कुरेई ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2005 - चीन के बीजिंग स्थित छाओयांग पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण।
- 2006 - अंतर्राष्ट्रीय दबाव के मद्देनजर इस्रायल द्वारा आठ सप्ताह से की गयी लेबनान की नौसैनिक घेराबन्दी को समाप्त किया गया।
- अमेरिकी राज्य फ़्लोरिडा के केप कनैवरल स्पेस सेंटर से अंतरिक्ष यान अटलांटिस ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी।
- 2007 - वेनिस फ़िल्म फ़ेस्टिवल में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट को बेस्ट एक्टर का तथा केट ब्लैंशट को बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड प्रदान किया गया।
- 2008 -हिन्दी साहित्य के मूर्धन्य रचनाकार तथा लोकवार्ताकार डॉ.अर्जुनदास केशरी को 'साहित्य महोपाध्याय' अलंकरण प्रदान करने की घोषणा की गई।
- सर्वोच्च न्यायालय ने सी.बी.आई. को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के दो जजों निर्मल यादव और निर्मल जीत कौर से 15 लाख रुपये के घूसकांड में पूछताछ की इजाज़त दी।
- 2009 - रेल मंत्रालय ने गृह मंत्रालय की तर्ज पर अपने कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली शुरू करने की घोषणा की।
- 2010 - 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' देने का निर्णय लिया गया।

## विशेष आलेख

# मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में जमीनी स्तर पर साकार हो रही हैं स्वास्थ्य योजनाएं



डॉ नयन प्रकाश गांधी



किसी प्रदेश का वास्तविक स्वास्थ्य सुधार केवल बीमारियों का इलाज करने से नहीं, बल्कि एक ऐसी समग्र और दूरदर्शी प्रणाली बनाने से होता है जो रोकथाम, जागरूकता, लक्षित हस्तक्षेप और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करती है।राजस्थान की नई स्वास्थ्य नीति इलाज से आगे बढक़र बचाव, जागरूकता और नवाचार पर केंद्रित है। पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी के अनुसार

निरामय राजस्थान और मिशन मधुहारी जैसी पहलों के माध्यम से सरकार एक समग्र, सुलभ और मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण कर रही है, जो अन्य राज्यों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत करती है

राजस्थान की स्वास्थ्य नीति का केंद्रबिंदु निरामय राजस्थान अभियान' है, जिसे इसी वर्ष 7 अप्रैल 2025 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शुरू किया गया। यह अभियान अपने नाम के अनुरूप ही प्रदेश को 'निरामय' अर्थात रोग-मुक्त बनाने की एक व्यापक परिकल्पना है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई विश्विद्यालय के एलुमनाई एवं पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी मानते है कि उक्त अभियान की बड़ी विशेषता इसका बहुआयामी दृष्टिकोण है। यह पारंपरिक उपचारात्मक मॉडल से आगे बढक़र प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पर जोर देता है। अभियान के तहत हर माह एक विशेष थीम पर काम करना, जैसे स्वच्छता, संतुलित पोषण, योग और व्यायाम को बढ़ावा देना, यह दर्शाता है कि सरकार स्वास्थ्य को केवल अस्पतालों की चारदीवारी तक सीमित नहीं मानती, बल्कि उसे जन-जन की जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहती है। श्री अन्न (मोटे अनाज) को बढ़ावा देने जैसी पहल न केवल पारंपरिक खान-पान को पुनर्जीवित करती है, बल्कि मधुमेह और हृदय रोग जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर भी प्रभावी अंकुश लगाती है। यह अभियान एक मौन क्रांति की तरह है, जो प्रदेशवासियों को अपने स्वास्थ्य का स्वयं प्रहरी बनने के लिए प्रेरित कर रहा है।

**लक्षित हस्तक्षेप- विशेष रोगों पर सटीक प्रहार :** एक सफल स्वास्थ्य नीति की पहचान यह होती है कि वह सामान्य सुधारों के साथ-साथ विशिष्ट और गंभीर चुनौतियों का भी समाधान करे। राजस्थान सरकार की हालिया पहलें इस मोर्चे पर खरी उतरती हैं।

मिशन मधुहारी- टाइप-1 डायबिटीज, विशेषकर बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने वाली एक गंभीर और आजीवन चलने वाली बीमारी है। इसके इलाज का खर्च कई परिवारों की कमर तोड़ देता है। 'मिशन मधुहारी' इस गंभीर समस्या पर एक संवेदनशील और प्रभावी प्रहार है। रोगियों को निःशुल्क इंसुलिन, ग्लूकोमीटर और स्ट्रिप्स उपलब्ध कराना केवल एक आर्थिक राहत नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा या युवा संसाधनों के अभाव में उचित प्रबंधन से वंचित न रह जाए। यह पहल दर्शाती है कि सरकार की नजर उन बीमारियों पर भी है, जो भले ही व्यापक न हों, लेकिन जिनसे प्रभावित परिवारों पर इसका असर बहुत गहरा होता है।

मिशन लीवर स्माइल- आज की युवा पीढ़ी जंक फूड और अनियमित जीवनशैली के कारण नॉन-एल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रही है, जिसकी व्यापकता दर 9 से 32 प्रतिशत तक है। मिशन लीवर स्माइल इस उभरते हुए खतरे के प्रति एक दूरदर्शी कदम है। 61 जिला अस्पतालों में लीवर स्माइल क्लिनिक स्थापित कर 32,000 से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग करना और उनमें से लगभग 1300 संभावित रोगियों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार से जोडऩा, एक बड़ी उपलब्धि है। यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि स्वास्थ्य नीति केवल वर्तमान की समस्याओं पर ही नहीं, बल्कि भविष्य के स्वास्थ्य खतरों पर भी केंद्रित है।

स्वस्थ नारी चेतना अभियान- यह अभियान स्वास्थ्य सेवाओं में समानता और समावेशिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। एचआईवी संक्रमित महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का खतरा आम महिलाओं की तुलना में छह गुना अधिक होता है। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए, सरकार ने 36 एआरटी सेंटरों के माध्यम से 12,300 से अधिक एचआईवी संक्रमित महिलाओं की निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की है। यह पहल न केवल एक गंभीर बीमारी की प्रारंभिक चरण में पहचान कर रही है, बल्कि समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर मौजूद वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाकर एक कल्याणकारी राज्य की सच्ची भावना को चरितार्थ कर रही है।

# जनता बीमार, प्रशासन



डॉ. सत्यवान सौरभ

*हरियाणा में डेंगू का प्रकोप तेज़ है, लेकिन नगर निकायों के पास फॉगिंग मशीनों की भारी कमी है। प्रदेश के 87 निकायों में केवल 426 मशीनें उपलब्ध हैं, जो आवश्यकतानुसार बेहद कम हैं। मशीनों की कमी के कारण न तो शहरों में और न ही ग्रामीण इलाकों में नियमित फॉगिंग अभियान चल पाए हैं। 1200 से अधिक गाँव जलभराव से जूझ रहे हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग और निकायों की लापरवाही से जनता पर बीमारी का संकट गहराता जा रहा है। ठोस कार्ययोजना और पर्याप्त संसाधन ही डेंगू से सुरक्षा का रास्ता हैं।*

डेंगू का नाम सुनते ही लोगों के मन में डर बैठ जाता है। हर साल मानसून के बाद बरसात के दिनों में जब मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है, तो डेंगू के मामले तेजी से सामने आने लगते हैं। बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द और प्लेटलेट्स की कमी से पीडि़त मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढऩे लगती है। सरकारें हर वर्ष दावा करती हैं कि मच्छरों की रोकथाम और फॉगिंग के इंतज़ाम पूरे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट होती है। हाल ही में सामने आई रिपोर्ट ने हरियाणा के स्वास्थ्य तंत्र और स्थानीय निकायों की तैयारियों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। प्रदेश के 87 नगर निकायों में डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों से निपटने के लिए मात्र 426 फॉगिंग मशीनें ही उपलब्ध हैं। यानी लगभग हर निकाय के हिस्से में औसतन पाँच मशीनें भी नहीं आतीं। जबकि स्थिति यह है कि एक मध्यम आकार के शहर में ही डेंगू पर काबू पाने के लिए 20-25 मशीनें आवश्यक मानी जाती हैं। ऐसे में पूरे प्रदेश के स्तर पर मशीनों की यह कमी सीधा संदेश देती है कि प्रशासनिक लापरवाही किस हद तक हावी है।

डेंगू एक ऐसी बीमारी है जिसका सीधा इलाज एंटीबायोटिक दवाइयों से संभव नहीं है। यह मच्छरों से फैलने वाला वायरल संक्रमण है और रोगी के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर ही उपचार टिका होता है। अधिकतर मामलों में डेंगू का वायरस शरीर की प्लेटलेट्स तेजी से घटा देता है। समय पर इलाज न मिलने पर यह स्थिति जानलेवा हो सकती है। भारत में हर साल लाखों लोग डेंगू से प्रभावित होते हैं और हजारों मौतें भी होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी डेंगू को दुनिया के सबसे तेजी से फैलने वाले वायरल रोगों में गिनता है। इसलिए रोकथाम ही सबसे बड़ा हथियार है। मच्छरों को पनपने से रोकना, जलभराव हटाना और समय-समय पर फॉगिंग करना — यही डेंगू पर नियंत्रण के सबसे कारगर उपाय हैं। लेकिन जब यही इंतज़ाम कमजोर पड़ जाएं, तो बीमारी का फैलाव तेज़ी से होता है।

हरियाणा के नगर निकायों के पास फॉगिंग मशीनों की संख्या न सिर्फ कम है बल्कि जिन मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, उनमें से कई पुराने और खराब हालत में हैं। यह स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति राज्य सरकार और निकायों की उदासीनता को उजागर करती है। फॉगिंग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि यह मच्छरों के जीवन चक्र को तोड़ती है। मच्छर के अंडे से निकलने और उनके वयस्क होने की प्रक्रिया पर फॉगिंग सीधा असर डालती है। यदि यह नियमित अंतराल पर हो तो मच्छरों की संख्या तेजी से कम हो सकती है। लेकिन जब मशीनें ही उपलब्ध न हों, तो फॉगिंग का अभियान केवल कागजों में रह जाता है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**सीमा शर्मा**
(सीबीईओ शिक्षा विभाग)

नमस्कार मित्रों कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनकी समाज में बड़ी ही अहम भूमिका रहती है। जिनके बिना समाज अधूरा सा फील होता है। हमारी आज की श सियत कॉलम की स्टार भी कुछ ऐसी ही हैं। कहां जन्म हुआ और कब हुआ इस बात से परे बस इस बात की अहमियत है कि उनका समाज को योगदान कितना रहा। जी हां मैं बात कर रहा हूं शिक्षा विभाग में एक बड़ी श सियत और एक बड़े हस्ताक्षर की सीबीईओ उमैरण सीमा शर्मा का व्यक्तित्व शायद ही किसी सी छिपा हुआ है। अपने कार्य में सौ प्रतिशत देने वाली सीमा शर्मा एक दम सरल हृद्य की महिला अधिकारी हैं। ल बे समय अलवर शहर की सबसे नामचीन बालिका विद्यालय एसएमड़ी स्कूल की प्राचार्या रही। अपने प्रिंसिपल शिप के दौरान बालिकाओं के विकास व उनके भले के लिए विभिन्न संगठनों से व सामजिक संस्थाओं से विकास कार्य करवाए गए। आज सीबीईओ उमैरण पद को सुशोभित कर रही हैं। रोटरी क्लब अलवर का सुपर गर्ल स्वच्छता एवं सबल अभियान एसएमडी स्कूल में इनके द्वारा ही शुरू किया गया था। जहां सुपर गर्ल अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षक उत्तम सैनी एवं चेल्सी के नेतृत्व में राजकीय बालिका विद्यालय एसएमडी में लगभग 400 छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिलवाया ताकि छात्राओं में आत्मरक्षा एवं शक्ति की भावना बढ़ाई जा सके। युवा उद्योगपति शंशाक झालानी द्वारा छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में घबराना नहीं एवं धैर्य रखना सिखाया। बहुत बेहतरीन तरीके से अपने स्टाफ के साथ पेश आना इनकी परिवरिश के बारे में बयां करता है। छात्राओं के लिए वाटर कूलर भी रोटरी क्लब अलवर से निवेदन कर लगवाया गया। इसके अलावा खेलकूद के मैदान में भी छात्राओं को हमेशा अव्वल बनाए रखा। बहुत ही ऊर्जावान श सियत हैं श्रीमति सीमा शर्मा जी टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**-रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्पस

बढ़ता राजस्थान

# एक दिन में कितनी चाय और कॉफी पीना है सेहतमंद?

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, चाय और कॉफी में मौजूद कैफीन सीमित मात्रा में तो फायदेमंद है, लेकिन ओवरडोज आपकी सेहत को बिगाड़ सकता है। आइए जान लेते हैं कि एक दिन में कितनी चाय और कॉफी पीनी चाहिए। बहुत से लोगों को हर घंटे चाय पीने की आदत होती है। वहीं कुछ लोग दिखावे के लिए हाथों में चाय के कप लिए दिखाई दे जाते हैं। क्या आप जानते हैं कि जरूरत से ज्यादा चाय पीना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। एक्सपर्ट की मानें तो एक दिन में एक व्यक्ति को 2 से 3 कप चाय पीनी चाहिए। कभी-कभार 4 कप भी हो



जाए तो कोई दिक्कत की बात नहीं है, लेकिन इससे आपको नुकसान पहुंचा सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि एक स्वस्थ वयस्क के लिए 300-400 द्बद्द कैफीन प्रतिदिन सुरक्षित है। यानी दिनभर में अधिकतम 3-4 कप कॉफी या 4-5 कप चाय पी जा सकती है। गर्भवती महिलाओं के लिए यह लिमिट 200 द्बद्द प्रतिदिन है।

### ज्यादा चाय-कॉफी पीने के नुकसान

नींद न आना और बेचैनी सिरदर्द और चिड़चिड़ेपन की दिक्कत हो जाती है। पेट में एसिडिटी और गैस हो जाती है। दिल की धडक़न तेज हो सकती है। हड्डियों से कैल्शियम की कमी हो जाती है। क्या है चाय-कॉफी पीने का सही तरीका ये जान लें कि चाय-कॉफी को खाली पेट न पिएं। उसके साथ कुछ हल्का सा जरूर खा लें। शाम 6 बजे के बाद कैफीन से बचें ताकि नींद खराब न हो। शक्कर और क्रीम कम इस्तेमाल करें, वरना मोटापा और डायबिटीज का खतरा बढ़ता है। ग्रीन टी या हर्बल टी बेहतर विकल्प हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतनी होगी और आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण में करके चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपनी बुद्धि और विवेक से काम लेकर लोगों को हैरान करेंगे।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों में सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे। आवश्यक कामों में आप तेजी दिखाएंगे। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी बड़े लक्ष्य को पकड़ कर चलेंगे, तभी उसे पूरा करने में कामयाब रहेंगे। ना सोचे और आपकी दी गई सलाह परिवार में किसी सदस्य को काम आएगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने कर्जों को उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। आध्यात्म के कार्यों में आपकी पूरी रुचि रहेगी और सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुडऩे का मौका मिलेगा।

**सिंह**
आज आपको अपने कामकाज पर पूरा ध्यान देना होगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप सावधानी बरतें। आप किसी काम को लेकर लापरवाही दिखा सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। परिवार में किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। सभी का सहयोग आप पर बना रहेगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को पूरी धैर्य से निपटाने की आवश्यकता है। आपको किसी से उधार का लेनदेन करने से बचना होगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा। आपकी आय में वृद्धि होगी। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप परिवार में किसी सदस्य से बहसबाजी में ना पड़ें। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई मामला विवादित था, तो उसमें भी आपको काफी मेहनत मशक्कत करनी पड़ेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आपके रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप अपनी कला और कौशल में निखार लायेंगे, जिससे आपके सहयोगी भी काफी खुश होंगे और आपको अपने बॉस का पूरा समर्थन मिलेगा।

# विद्युत कर्मियों की लापरवाही पर जताई नाराजगी

## बिजली चोरी रोकने पर सख्त अभियान चलाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली आपूर्ति से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बढ़ाने, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, कुसुम योजना, लंबित घरेलू एवं कृषि कनेक्शनों के निस्तारण, उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान तथा बिजली चोरी रोककर वितरण व्यवस्था को मजबूत करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में दिन के समय कृषि आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया गया। 33/11 केवी सब-स्टेशनों से तीन ब्लॉकों में आपूर्ति देने की व्यवस्था पर चर्चा की गई। साथ ही लंबित कृषि एवं घरेलु कनेक्शनों की श्रेणीवार सूची तैयार कर सबसे पुराने मामलों को प्राथमिकता देकर विश्रय वर्ष के लंबित कनेक्शनों सितम्बर माह में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

उपभोक्ताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री सोलर मेले शिविरों का आयोजन करने, शहरी क्षेत्रों में हर सप्ताह शिविर आयोजित कर आवेदन संख्या बढ़ाने और 15 सितंबर 2025 तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। कुसुम योजना के अंतर्गत पावर परचेज एग्रीमेंट न होने वाले मामलों में सीधे संपर्क कर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीना को दिए।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जुडने पर प्रतिमाह 100 यूनिट के स्थान पर 150 यूनिट निशुल्क बिजली उपलब्ध करायी जावेगी एंव जिन उपभोक्ताओं का मासिक औसत उपभोग 150 यूनिट से तक है उनके घर 1.1 किलोवाट के निःशुल्क सौलर पैनल लगाये जायेंगें। इस योजना का लाभ लेने के लिए निगम द्वारा जागरूकता फैलाने के लिए कैम्पों का आयोजन किया जाए, जिसका सर्वे 15 दिन मे करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विद्युत विभाग के फील्ड अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठाने तथा विभागीय दायित्वों में लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त की। उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर समाधान न करने वाले अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रिपोर्ट जिला कलक्टर कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए। राजस्व वसूली में सतर्कता जांच बढ़ाने, बिजली चोरी रोकने तथा अधिकतम जुर्माना लगाने का अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता बीएल मीणा, अधिशासी अभियंता अशोक कुमार बुजैठिया, राजेन्द्र सिंह मीना, नवीन चन्द्र भण्डारी, अशोक कुमार मीना, विभिन्न सोलर ऊर्जा क्षेत्र के वेंडर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूल खुलने से कुछ घंटे पहले बरामदा गिरा, बड़ा हादसा टला



बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )। जिले में विगत दिनों हुई बारिश के चलते जिले के कई स्कूल सहित पुरानी बिल्डिंग जर्जर हालत में हैं। सोमवार को जिले के चौथ का बरवाड़ा तहसील क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एचेर गांव में अल सुबह विद्यालय का बड़ा बरामदा एवं अन्य हिस्सा भरभराकर गिर गया। गनीमत यह रही कि घटना विद्यालय खुलने से कुछ घंटे पहले हो गई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था. शिक्षा विभाग की ओर से इस भवन को जर्जर तो घोषित किया हुआ था, लेकिन उसे हटाया नहीं गया था। ऐसे में शिक्षा विभाग की यह लापरवाही बड़ी घटना का कारण बन सकती थी, जिसके चलते लोगों में नाराजगी है।

इस मामले को लेकर विद्यालय की प्रधानाचार्य कविता ने बताया कि उन्होंने क्षतिग्रस्त बिल्डिंग को लेकर शिक्षा विभाग को अवगत करा दिया था, जिसके बाद इसे जर्जर घोषित कर दिया गया था। साथ ही इस भवन को जमींदोज करने के आदेश भी जारी किए जा चुके हैं, लेकिन कार्रवाई से पहले ही यह घटना घटित हो गई. हम इसमें बालकों को नहीं बिठाते हैं, लेकिन यदि स्कूल के समय में यह घटना होती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि मना करने के बावजूद भी कई बार बच्चे उसमें चले जाते हैं।

ग्रामीण हनुमान प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के 10 कमरे एवं बरामदा काफी सालों से क्षतिग्रस्त है। इस साल झालावाड़ में घटना होने के बाद इन 10 कमरों एवं बरामदे में बालकों को बिठाना बंद कर दिया था, लेकिन फिर भी बालक खेलने एवं अन्य गतिविधियों के लिए इनके नीचे जाया करते थे। विभाग की ओर से इस भवन को हटाए जाने के निर्देश तो जारी कर दिए गए, लेकिन मौके पर कार्रवाई नहीं होने से आज यह घटना घट गई। यदि विद्यालय समय में यह घटना होती तो कोई न कोई बालक इसकी चपेट में आ सकता था।

## मच्छरों पर काबू पाने के लिए चिकित्सा विभाग कर रहा एंटी लार्वा गतिविधियां



बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )। बारिश से मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एंटी लार्वा गतिविधियों पर जोर दे रहा है। जिला एवं खण्ड स्तर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि जिले में भारी बारिश के चलते जगह-जगह पर पानी एकत्र हो गया है जिससे मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण बन गया है।

चिकित्साकर्मियों द्वारा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर एंटी लार्वा गतिविधिया की जा रही है। चिकित्साकर्मियों द्वारा आम जन से अपने-अपने घरों व आसपास एकत्र पानी को नष्ट करने की अपील की जा रही है। आशा व एएनएम द्वारा भी घर-घर में सर्वे कर मच्छरों की रोकथाम के लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही गमलों, परिण्डों, छतों, जानवरों के पानी पीने के पात्र एवं छत पर रखी टंकियों में एकत्र पानी को नष्ट करवाया जा रहा है। तेज गर्मी में मच्छरों का प्रजनन कम हो जाता है, लेकिन बारिश से जगह-जगह जल भराव द्वारा मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल स्थान बन जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आमजन भी ध्यान रखें कि कहीं खुला और रुका हुआ पानी न रह जाए, क्योंकि मच्छर ऐसे रूके हुए पानी में ही अंडे देते हैं। ऐसे पानी को सुखा देना चाहिए। उन्होंने बताया कि विभाग ने गतिविधियां तेज करते हुए सभी अधिकारियों व कार्मिकों को गंभीरता बरतने के निर्देश दिए हैं। विभागीय टीमें नियमित सर्वे, ऐंटीलार्वल गतिविधियों के साथ ही आमजन को जागरूक कर रही है। इसके अलावा जिले में नियमित रूप से फोगिंग भी करवाई जा रही है।

## प्री कैंप में 88 प्रकरण प्राप्त हुए

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। नगरपालिका मालपुरा में राज्य सरकार के शहर चलो अभियान के अंतर्गत प्री कैंप आयोजन सोमवार नगर पालिका मालपुरा में किया गया। कैंप में जन्म मृत्यू, विवाह पंजीयन, नल बिजली की एनओसी,नामांतरण नवीन पट्टा,पानी निकासी, रोड लाइट समस्या संबंधी 88 प्रकरण प्राप्त हुए। कैंप में अधिशासी अधिकारी हंसराज प्रशासनिक अधिकारी जय नारायण जाट सहित नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## सखी सहेली का संस्कार ज्योति सम्मान समारोह में शिक्षिकाओं का अभिनंदन किया

बढ़ता राजस्थान

देवली( गोविंद सिंह सेठी )। यहां सखी सहेली ग्रुप द्वारा शहर के घोसी मोहल्ला स्थित महर्षि गौतम आश्रम में संस्कार ज्योति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन की संयोजिका कमलेश मूंदड़ा ने जानकारी में बताया कि शहर के पटेल नगर व गणेश रोड कच्ची बस्ती में चल रहे संस्कार केंद्र एवं देवली, कुचलवाड़ा, हनुमाननगर में चल रही सभी आंगनबाड़ी में सेवाएँ दे रही शिक्षिकाओं, कार्यकर्ताओं,आशा सहयोगिनी और सहायिकाओं को माला पहनाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया है। सखी सहेली ग्रुप की शहर अध्यक्ष नीतू मंगल और कोषाध्यक्ष मोनिका सुराणा ने बताया कि इन शिक्षिकाओं ने शिक्षा और संस्कार का दीप जलाया है। ऐसे में नारी शक्तियों के समर्पण और योगदान को ध्यान में रखते हुए सखी सहेली ग्रुप कि और से उक्त महिलाओं को सम्मानित किया गया है। सखी सहेली देवली शाखा समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को प्रोत्साहन देने का कार्य करती आ रही है। इस अवसर पर इंदिरा सोनी, मीनू जिंदल ,निधि जैन, स्मिता शर्मा, रिंकू मंगल, सुशीला टांक, आशु सेन, अनामिका शर्मा, सरोज, सुनीता गोयल, कुसुम गोयल सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## शहर चलो अभियान 15 से, अभियान की तैयारी को लेकर आयोजित शिविर में उमड़े लोग

बढ़ता राजस्थान



निवाई (का.स.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरपालिका के तत्वावधान में शहर चलो अभियान को लेकर 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि शहर चलो अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित शिविरों में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी एवं आवेदन के लिए वार्डों में प्री शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को अग्रवाल धर्मशाला में वार्ड नम्बर 5, 6, 7, 13, 14, 15 व 16 का शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 10 सितंबर को पहाड़ी चुंगी नाका पर 8, 9, 10, 11 व 12 वार्ड, 11 को सामुदायिक भवन 80 फीट रोड पर 25, 26, 27, 28 व 29 वार्ड का, 12 को अंबेडकर भवन शिवाजी कॉलोनी में 17, 19, 20, 21, 31, 32, 33 व 34 वार्ड का शिविर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से वार्डों में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पैच वर्क, सार्वजनिक पार्कों व सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सिवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के स्टेट व ग्रांट एक्ट के पट्टे, कच्ची बस्ती, 69 ए, कृषि भूमि, भू उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनोसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, उप विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म- मृत्यु, विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास के आवेदन व शौचालय निर्माण के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। अधिशासी अधिकारी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि सरकार की मंशानुसार अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें।

## देवली के बोयेडा गणेश मंदिर के पुजारी ने ईमानदारी का परिचय दिया वापस लौटाई 70 हजार की राशि

बढ़ता राजस्थान

देवली( गोविंद सिंह सेठी )। आज के बेईमान दोर के बीच युवा पुजारी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए यह साबित कर दिया कि कुछ इंसानों मे ईमानदारी आज भी जिंदा है । हुआ यह की ऑनलाइन भुगतान करने के दौरान कोटा निवासी ओम प्रकाश पुत्र भैरूलाल शर्मा ने 70 हजार रू की राशि गलती से बोएडा गणेश जी के युवा पुजारी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब इस बात की जानकारी ओम प्रकाश शर्मा पुत्र भैरूलाल शर्मा निवासी कोटा को मैसेज जरिए प्राप्त हुई तो वह हक्क बक्के रह गए। इसके बाद ओमप्रकाश ने राशि ट्रांसफर बैंक खाते धारक की जानकारी जुटाने का प्रयास किया और पुजारी मुकेश मीणा को फोन करके उक्त मामले की सारी जानकारी दी। इस पर युवा पुजारी ने भी देखा कि फोनपे के जरिए उनके खाते में 70 हजार रुपए की राशि जमा हुई है। इस पर युवा पुजारी मोहित मीणा ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए ओमप्रकाश शर्मा को देवली बुलाया और उन्हें 70 हजार रु की राशि वापस लौटा दी । ऐसे में मोहित मीणा के द्वारा ईमानदारी का परिचय देना यह साबित करता है कि आज के बेईमान दौर में भी मोहित मीणा जैसे व्यक्तियों के बीच ईमानदारी जिंदा है। पुजारी मोहित मीणा ने ओमप्रकाश शर्मा को शहर के भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित गुरुदेव मुकेश गौतम के सानिध्य में फोन के द्वारा राशि वापस लौटा दी।




## स्कूली बच्चों को टीबी के बारे मे किया जागरूक, प्रदेश भर में चलाया अभियान

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए जिले सहित प्रदेश भर में अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत चिकित्सा विभाग द्वारा स्कूलों के छात्र छात्राओं को टीबी रोग के सम्बन्ध मे जागरूक किया जा रहा है

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने बताया कि मरीज चिकित्सक के बताए अनुसार दवा ले और परहेज करे तो यह जल्दी ठीक हो सकती है। टीबी छह माह में ठीक हो सकती है। इसके लिए सावधानी और जागरुकता जरूरी है। उन्हे बीमारी के लक्षण, बचाव और टीबी होने पर उपचार के बारे मे जानकारी दी जा रही है। निक्षय मित्रों के जरिए मरीजों को पोषण किट दिए जा रहे हैं। आमजन निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद कर रहे हैं।

## पंद्रह सेकंड लेट पहुंची परीक्षा केंद्र युवती गेट पीटती रही

### टीचर से एग्जाम में रोते हुए अंदर जाने की गुहार लगाई, समझाकर घर भेजा

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। आरपीएससी की वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन सोमवार को पहली तथा दूसरी पारी की परीक्षा 29 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण संपन्न हो गई है। दोनों पारियों में कुल 19हजार920 परीक्षार्थियों में से 15हजार292परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 4हजार 682परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

पहली पारी में रजिस्टर्ड 9960 अभ्यर्थियों में से 7675 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। 2285 अभ्यर्थीअनुपस्थित रहे ।वहीं दूसरी पारी में 9960परीक्षार्थियों में से 7617परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 2343परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

सोमवार को भी रविवार की तरह 6-7 अभ्यर्थी लेट आने से परीक्षा देने से वंचित हो गए।



10-15 सेकेंड लेट होने से पर परीक्षा सेंटर सेंट सोल्जर स्कूल के बाहर गेट पर एक युवती बैठकर खूब देर तक रोई। उसने रोते हुए गेट पर हाथ मार करके काफी देर तक गेट खोलने की गुहार लगाई। लेकिन, परीक्षा के नियमों के आगे सब बेबस नजर आए। गेट नहीं खुलने पर लोगों ने उसे समझा करके घर के लिए रवाना कर दिया। ऐसे ही इमानुएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल टोंक में भी एक दो मिनट लेट आए चार अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित हो गए।

## किसानों समस्याओं को लेकर किसान महापंचायत की हुई बैठक, कई महत्वपूर्ण मुददों पर हुई चर्चा

### समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो करेंगे विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। किसानों की समस्याओं को लेकर गांव नया मौजा जयसिंहपुरा के बालाजी के मंदिर में किसान महापंचायत की बैठक महापंचायत के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। महापंचायत के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करके उनके समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है। अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसले पूर्णरूप से चौपट हो गई है जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बैठक में किसानों ने बताया कि पटवारी एवं कृषि पर्यवेक्षक किसानों की समस्याओं पर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं एवं संबंधित अधिकारी फोन भी रिसीव नहीं करते हैं एवं बात करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं देते हैं। जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी देते हुए बताया कि यदि अधिकारी किसानों की समस्या का समय पर समाधान नहीं करेंगे तो उच्चधिकारियों से शिकायत की जाएगी एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री श्याम दीक्षित, युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी, शंकरलाल मीणा मूंडिया, शिवाजीराम जाट, चैनपुरा अध्यक्ष जगदीश बैरवा, रामदेव चौधरी, रामरख चौधरी, प्रहलाद बैरवा, मुकेश बैरवा, शंकरलाल बैरवा, राजेश व सुखदेव सहित कई किसान मौजूद थे।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# विकास कार्यों, राहत एवं शिकायत निवारण पर शीघ्र कार्रवाई करें: कानाराम



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में विकास कार्यों को गति देने और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बजट घोषणाओं, विकास कार्यों, संपर्क पोर्टल, आपदा राहत, गिरदावरी, बाढ़-क्षति और स्वास्थ्य संबंधी कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए चकचैनपुरा हवाई पट्टी, खण्डार किला, रामेश्वर घाट खण्डार, कुशाल झील, डिजिटल लाईब्रेरी, ओपन जिम एवं खेल स्टेडियम के निर्माण कार्या सहित अन्य घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए अब तक किए गए प्रयासों एवं लंबित प्रस्तावों की जानकारी लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। वहीं उन्होंने स्मार्ट सिटी योजना की समीक्षा करते हुए नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा को योजना के तहत शीघ्र प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए है।

### सम्पर्क पोर्टल एवं सीएम जनसुनवाई प्रकरणों के निस्तारण में देरी पर नोटिस जारी करने के निर्देश

संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि 90 दिनों से अधिक लंबित प्रकरण नहीं रहें। शिकायतों का समाधान करने से पहले परिवादी से बातचीत कर संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त मामलों का 10 दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सम्पर्क परिवाद निस्तारण में न्यूनतम प्रगति वाले विभागों रसद विभाग, उद्योग, वन, जल संसाधन, परिवहन, नगर विकास न्यास विभाग के अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा को दिए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय-सीएम जनसुनवाई के 60 दिन से अधिक लंबित परिवादों से संबंधित अधिकारियों को 17 सीसी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### आपदा राहत की समीक्षा की

- जिला कलक्टर ने अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान मकान, कपड़े, बर्तन, पशुहानि, जनहानि का शीघ्र सर्वे करवाकर शेष रहे प्रकरणों को तत्काल सरकार को भेजने के निर्देश तहसीलदार एवं उपखण्ड अधिकारियों को दिए है।

### 15 तक शत-प्रतिशत गिरदावरी सुनिश्चित करने के निर्देश

कृषि क्षेत्र में गिरदावरी की समीक्षा करते हुए बौंली, चौथ का बरवाड़ा और मलारना डूंगर में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पूर्व तैयारी शिविरों में भाग लें, शिकायतों का समाधान कर राहत एवं विकास कार्यों में सहयोग करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीना, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के लिए मेरा सब कुछ अर्पण नगर पालिका में बनेगा बोर्ड



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र में एक दिवसीय दौरे पर आई पूर्व मंत्री शकुंतला रावत कांग्रेस का शहर कार्यालय देखकर गदगद हो गईं। इस अवसर पर रावत ने नवनियुक्त शहर अध्यक्ष राहुल आर्य को गुलदस्ता भेंट किया और लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया। राहुल आर्य ने इस दौरान कहा कि उनका पहला संकल्प है कि बानसूर नगर पालिका क्षेत्र में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो और नगर पालिका में पार्टी का बोर्ड स्थापित किया जाए। उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव के बाद कांग्रेस को रिकॉर्ड मतों से विधानसभा चुनाव में जीत दिलाना और लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को क्षेत्र में मजबूत लीड दिलाना उनका प्राथमिक लक्ष्य है।

पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने मुस्कराते हुए शहर अध्यक्ष को धन्यवाद दिया और उनके पार्टी के प्रति समर्पण भाव को देखकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## किसानों को फसल खराबे का मुआवजा मिले, गायों के अनुदान में हो वृद्धि



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे में कई गांवों का भ्रमण कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने बानसूर, मौठूका, बाबरिया सहित दर्जनों गांवों में लोगों से मिलकर कहा कि ईश्वर के घर सभी को जाना है, इसलिए मनुष्य को जीवन में सद्कर्म करने चाहिए। उन्होंने प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान रावत ने किसानों की समस्याओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकार किसानों और गौशालाओं के प्रति संवेदनशील नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने गाय और किसानों के नाम पर सत्ता हासिल की, वही आज उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। रावत ने याद दिलाया कि कांग्रेस सरकार के समय गौशालाओं का अनुदान बढ़ाया गया था और किसानों की फसल खराबे पर सर्वे करवाकर मुआवजा भी दिया गया था।

## स्वैच्छिक विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सा एवं नेत्र जांच शिविर शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** किशनगढ़ बास के श्री प्रकाश राव औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पाटन अहीर, बीबीरानी-हरसोली रोड पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान एवं निशुल्क नेत्र जांच व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया संयोजक अखिलेश यादव ने बताया कि श्री संदीप यादव चेयरमेन श्री प्रकाश राव ग्रुप एस पी आर जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर इस भव्य शिविर का आयोजन किया गया! शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामहेत यादव पूर्व विधायक द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ! इस अवसर पर संता देवी प्रधान कोटकासिम, विश्वास यादव, धोलाराम एमपीएस एवं आसपास गांव के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे ! इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा इस दौरान सभी 103 यूनिट ब्लड रक्त एकत्रित किया गया ! इस दौरान सभी की ब्लड जांच दवाइयां एवं नेत्र जांच निशुल्क की गई।

## सांसद खेल उत्सव 2.0 की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 की तैयारी को लेकर कस्बे के कारोठ रोड स्थित तुषार गार्डन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने की।

सांसद प्रतिनिधि अंकुर ने बताया कि खेल उत्सव में रजिस्ट्रेशन 30 अक्टूबर तक कराया जा सकता है। इसमें राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 12 से 17 वर्ष और 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया जाएगा। छात्र-छात्रा अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन लिंक या क्यूआर कोड के माध्यम से करवा सकते हैं।

बीजेपी प्रत्याशी बन्नाराम मीना ने खेल उत्सव की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना, विजय समर्थलाल मीना, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना, विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी, मंडल महामंत्री लोकेश रावत, जगदीश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, उमेश मंडावरा, नवल सिंह, रश्मि विजय, पार्षद प्रीति शर्मा, रूप नारायण मीणा, बेनी प्रसाद सैनी, मांगेलाल सैनी, सत्येंद्र सैनी, प्रीति विजय, तुलसी शर्मा, विष्णु जांगिड़ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक




बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए पंचायती राज विभाग पर संपर्क पोर्टल की 30 दिन से ऊपर के लंबित परीवादों की संख्या को देखते हुए निचले स्तर पर उदासीन अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण विभाग, रीको, नगर निकाय के अधिकारियों को एवरेज डिस्पोजल सुधारने तथा आए हुए परिवादों को निश्चित समय अवधि में निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आगामी शहर चलो अभियान, गांव चलो अभियान, सहकारिता सदस्यता अभियान की तैयारी हो तो संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश देकर प्री कैंपों का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करने के लिए कहा, ताकि शिविर के दिन लाभार्थी को वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने सहकारिता, नगर निकाय एवं पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि शिवरों की पूर्ण तैयारी कर लेवें। उन्होंने कहा कि शिवरों में क्षेत्र में सभी पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना सहित विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। जल भराव वाले क्षेत्रों पर दवाई छिडक़ने के निर्देश दिए ताकि उनमें मलेरिया, डेंगू जैसे खतरनाक मच्छरों उत्पन्न ना हो। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग रमेश धहमीवाल, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग जेपी बैरवा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, लीड बैंक अधिकारी हरिनारायण मीणा, जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, सूचना सहायक प्रियंका खंडेलवाल, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान-उत्तरदायी शासन कार्यक्रम की जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालुखे गौरव रवीन्द्र ने बताया कि अभियान के तहत बहु-विभागीय अभिसरण व सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जनजाति क्षेत्रों में प्रमुख योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन और अंतिम छोर तक सेवा वितरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि अभियान में चयनित ग्रामों का ग्राम स्तर पर विलेज प्लान 30 सितम्बर तक तैयार कर 2 अक्टूबर 2025 को आयोजित विशेष ग्राम सभा में अनुमोदन कराया जाएगा। अलवर जिले की 7 पंचायत समितियों—राजगढ़, रैणी, लक्ष्मणगढ, कठूमर, रामगढ, मालाखेडा एवं थानागाजी—के 142 गांव, खैरथल-तिजारा जिले की मुण्डावर पंचायत समिति का 1 गांव और कोटपूतली-बहरोड की नीमराणा पंचायत समिति के 12 गांव इस अभियान में चयनित हैं।

कार्यशाला में बहु-विभागीय अभिसरण, सामुदायिक भागीदारी और ग्राम स्तर पर विलेज प्लान तैयार करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला रसद अधिकारी श्री विनोद जुनेजा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह, डीओआईटी की एसीपी श्रीमती नीतू बसवाल, डीईओ मुख्यालय श्री महेश मेहता और माडा योजना के प्रभारी श्री प्यारेलाल मीणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में क्षमा वाणी पर्व का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, पंचायती जैन मंदिर मुंशी बाजार में उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी महाराज के सानिध्य में सकल दिगंबर जैन समाज के निर्देशन में क्षमा वाणी का पर्व मनाया गया।

पर्व का आयोजन सुबह 6 बजे कलसा अभिषेक और माल की बोली से हुआ। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने गुरुदेव की वाणी का अमृत ग्रहण किया और एक-दूसरे से क्षमा माँगी। यह पर्व वर्ष में केवल एक बार मनाया जाता है और पूरे साल भर की भूल-चूक और गलतीयों की क्षमा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

## नेत्रदान पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित विविध प्रतियोगिताओं और कार्यशालाओं का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेत्रदान पखवाड़े के समापन अवसर पर आईएमए हॉल में हवन, रैली, पोस्टर, भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए द्वितीय वर्ष रेजिडेन्ट डॉ. मोहसिन और सीनियर रेजिडेन्ट डॉ. रवीना को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के तहत फिजियोथेरेपी विभाग ने स्वस्थ उम्र बढ़ाना विषय पर डॉ. अंकिता बंसल और डॉ. मनीष कुमार द्वारा शारीरिक व्यायाम और फिजियोथेरेपी की महत्ता पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिरिक्त एसपी श्रीमती प्रियंका रघुवंशी, उद्योगपति श्री बाबू झालानी, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दिनेश सूद, आईएमए अध्यक्ष डॉ. विजयपाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुस्वरूप सक्सेना, डॉ. दीपा जैन, आईएमए कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक श्रीवास्तव, उप नियंत्रक डॉ. बी.एस. खत्री सहित रेजिडेंट चिकित्सक, जीएनएमटीसी, बीएससी नर्सिंग और एएनएमटीसी कॉलेज के अध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बड़ला गांव में लेपर्ड का मूवमेंट, कुत्ते पर किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** ग्राम बड़ला में रविवार रात एक लेपर्ड ने कुत्ते पर हमला कर उसे घायल कर दिया। करीब दस सेकेंड तक कुत्ते को दबोचने के बाद लेपर्ड कुत्ते को छोडक़र भाग गया। यह पूरा घटनाक्रम पास के मकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया, जिससे घटना का वीडियो सोमवार सुबह ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 15 दिन से लेपर्ड बार-बार गाँव में दिखाई दे रहा है और लोग रात में घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं। सुबह ग्रामीणों ने वनकर्मियों को लिखित शिकायत दी।

## भारतीय विद्या पीठ स्कूल में शिक्षक दिवस पर गुरुओं का सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के कारोठ रोड स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को शिक्षक दिवस पर गुरू वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य और स्टाफ द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यालय के बच्चों ने अपने गुरुओं को माला पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य दिनेश सैन ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता-पिता हमें जीवन देते हैं, परंतु जीवन की सही दिशा देने का कार्य शिक्षक करते हैं। वे केवल पुस्तकों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण की शिक्षा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने शिक्षकों का हमेशा सम्मान करें। कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक कालूराम सैनी ने भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन के जीवन से विद्यार्थियों को परिचित कराया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ को माला पहनाकर और बच्चों द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दिनेश सैन, पूर्णिमा सैन, रिंकू कुमार सैनी, सुरेन्द्र गहलोत, संतोष शर्मा, कालूराम सैनी, आनंद शर्मा, छोटेलाल बैरवा, कमलेश कुमार शर्मा, मनीष सैनी, रघुनाथ सिंह नरूका, सुनील कुमार सैनी, कृष्णा, गीता बंशीवाल, चंचल गोयल, सरिता शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## राजर्षि अभयसमाज रामलीला में पूर्वअभ्यास जोर पर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अभय समाज के विशाल रंगमंच पर होने वाली श्री रामलीला एवं महान सामाजिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक नाटक महाराज भर्तृहरि का पूर्व अभ्यास जोर-शोर से किया जा रहा है।m संस्था के अध्यक्ष पंडित धर्मवीर जी शर्मा के दिशा-निर्देश में, महा मंत्री श्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन और महानिदेशक श्री मनोज गोयल के निर्देशन में सभी कलाकार अपने-अपने पात्रों के अनुसार कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### दो और स्कूल खुलेंगे

# जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से जयपुर की संस्था फिडिंग हैंडस और लोज एकसवियर नंबर 459 के सहयोग से अलवर में जरूरतमंद बच्चों के लिए चल रहे दो शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूल के बच्चों को शिक्षण सामग्री, जुराबे और पानी की बोतल वितरित की गई।

शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूल दिवाकरी में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने किया। फिडिंग हैंडस जयपुर के सचिव पंकज जैन ने कहा कि अलवर में संचालित नेक कमाई वृक्ष कक्षाएं बेहतर कार्य कर रही हैं, जिनमें शीघ्र ही सभी बच्चों को स्कूल बैग और एक जैसी ड्रेस उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अलवर शहर में ऐसे दो और विद्यालय नेक कमाई के सहयोग से खोले जाएंगे, जिनमें शिक्षिकाओं की नियुक्ति फिडिंग हैंडस द्वारा की जाएगी।

जयपुर के समाजसेवी सरदार टिम्मी सोनी ने कहा कि अलवर में नियमित स्कूलों में नहीं जाने वाले बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार देने का प्रयोग सफल रहा है, जिसे प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन बच्चों में आत्मविश्वास जागृत हुआ है और उनकी प्रतिभाएँ सामने आई हैं।

कार्यक्रम में संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नेक कमाई बच्चों में शिक्षा और संस्कार दोनों को बढ़ावा दे रही है। बच्चों को अब गायत्री मंत्र भी सिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे नशा मुक्ति के लिए समाज में सक्रिय योगदान देंगे। नेक कमाई महिला सशक्तिकरण के लिए अलवर में और स्वावलंबन केंद्र खोलेगी, जिसमें सिलाई, कढ़ाई और ब्यूटी पार्लर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही अस्पताल में भी सेवा शुरू होगी।

अतिथियों का स्वागत गुरुप्रीत सिंह पवित्र, प्रतिभा सिंह, धर्मपाल सिंह, मानवेन्द्र सिंह और रेखा महलावत ने किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा के लिए केन्द्राध्यक्ष जिज्ञासा सिंह और योग शिक्षिका तारुणी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेखा महलावत ने किया और अंत में अभिषेक तनेजा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### समस्याओं के समाधान की आशा में शिविरों में पहुंचे लोग



**बढ़ता राजस्थान, कोटा (विनोद गौड़)।** राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे शहर चलो अभियान के तहत नगर निगम कोटा उत्तर के तैयारी कैम्प सोमवार से प्रारंभ हो गए। पहले दिन सेक्टर 1 व सेक्टर क्षेत्र के 21 वार्डों के तैयारी कैम्प आयोजित किए गए। इन कैम्पों में समस्याओं के समाधान की आशा के साथ 92 लोगों ने अपने परिवाद दिए। कोटा उत्तर के नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा, उपायुक्त हरबिन्दर ढिल्लन सिंह और जवाहर लाल जैन ने भी कैम्प में आमजन के अभाव-अभियोग सुने और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि शहर चलो अभियान के तहत सोमवार को नगर निगम कोटा उत्तर के प्रशासनिक भवन में भी कैम्प लगाया गया। कैम्प में सुबह से ही लोग पहुंचने लगे। अधिकांश लोगों ने सडक़, फैरोकवर, क्रॉस व फुटपाथ मरम्मत, रोड लाइट, नाली सफाई, आवारा मवेशियों से जुड़ी समस्याएं बताईं। इनमें से ऐसी समस्याएं जिनका तत्काल समाधान हो सकता है, उनके संबंध में निर्माण, विद्त और जन स्वास्थ्य अनुभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शिविर में कई लोग पट्टे, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस आदि कार्यों के लिए भी आए। जांच के बाद इनके दस्तावेजों में कमी पाई गई, जिन्हें पूरा कर आवेदन जमा करवाने को कहा गया।

### केडीए दस्ते पर पथराव के 10 आरोपी धरे

**बढ़ता राजस्थान, कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा मे ट्रांसपोर्ट नगर शंभुपुरा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पुलिस की टीम पर हमला करने की वारदात को अंजाम देकर राजकार्य में बाधा पहुंचाने वाले सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी राकेश गुर्जर, नेवालाल गुर्जर, हंसराज गुर्जर, बजरंगलाल गुर्जर ,मोहन गुर्जर, रामदेव भील व महावीर गुर्जर शंभूपुरा इलाके के निवासी हैं। 12 अगस्त को शंभूपुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने राजकार्य में बाधा उत्पन्न कर पुलिस व केडीए कर्मचारियों के साथ मारपीट की और पत्थरों से हमला किया था। इस हमले में एएसआई,पटवारी, होमगार्ड के जवान,पुलिस कांस्टेबल सहित आधा दर्जन कर्मचारी घायल हुए थे। बदमाशों ने इस दौरान जेसीबी मशीनों में भी तोडफ़ोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में पुलिस ने 13 अगस्त को 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया गया था, फिलहाल नान्ता थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### डायलिसिस मशीनों को तुरंत कार्य उपयोगी बनाने के दिये निर्देश



**बढ़ता राजस्थान, कोटा (प्रमोद राठौर)।** खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र मीणा द्वारा जिला अस्पताल रामगंजमंडी का औचक निरिक्षण किया गया, निरिक्षण के दौरान उन्हें सफाईकर्मी सोता हुआ मिला जिसे उन्होने फटकार लगाई और कार्यस्थल पर अपनी सेवाये सही तरीके से देने के लिये पाबंद किया, डॉ मीणा ने अस्पताल का सम्पूर्ण निरिक्षण किया और मौसमी बीमारियों के लिए मच्छर रोधी वार्ड बनाने के साथ सम्पूर्ण व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए सम्बंधित प्रभारियों को पाबंद किया,उन्होने अस्पताल मे निजी कम्पनी द्वारा संचालित दो डायलसिस मशीन मे से एक मशीन खराब होने पर तुरन्त कम्पनी के मैनेजर से दूरभाष पर बात की तथा मशीन को जल्द से जल्द ठीक करवाने को कहा और जब तक मशीन ठीक नही हो जाती तब तक रविवार को छोडक़र अन्य सभी अवकाश के दिनों में भी एक मशीन द्वारा डायलसिस करने के निर्देश प्रदान किये, उनके द्वारा नयी लैब के निरिक्षण के दौरान लैब के पीछे मिले बायोवेस्ट के ढेर को देखकर सम्बंधित प्रभारी को फटकार लगाई और बायोवेस्ट को गाइडलाइन के अनुसार निस्तारण करने के लिये पाबंद किया, उन्होंने अधिकारियो व कर्मचारियों को मुख्यालय पर ही रहते हुए किसी भी प्रकार की विपरित परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के लिये कहा 7 डॉ मीणा ने सभी कार्मिको को निर्धारित यूनिफार्म व आई कार्ड के साथ ड्यूटी पर रहने के5 लिए पाबंद किया।

## कोटा में कांग्रेस की आक्रोश रैली 10 को

# प्रहलाद गुंजल ने सरकार पर साधा निशाना, बोले- लोगों के अधिकारों पर डाका डाला जा रहा

ढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** कोटा में कांग्रेस नेताओं ने 10 सितंबर को आक्रोश रैली को लेकर प्रेसवार्ता की। पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने केंद्र व राज्य की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। गुंजल ने कहा कि देश खतरनाक दौर में है। आम आदमियों के अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है।

संविधान की ओर से आम आदमी को वोट की ताकत दी गई है। सत्ता के भय से उसको भी छीने जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सारी प्रशासनिक मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है।

अगर वोट के अधिकार की ताकत लोगों के हाथ में नहीं बची तो भारत में संविधान का कोई मूल्य नहीं बचेगा। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, देहात अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, रामगंजमंडी से कांग्रेस प्रत्याशी रहे महेंद्र राजोरिया शामिल हुए।

गुंजल ने कहा- प्रदेश में चारों ओर अराजकता फैली हुई है। विकास नाम की कोई चीज नहीं है। सरकार बेखबर है। पूरा प्रदेश अतिवृष्टि से पीडि़त है। खासतौर पर कोटा-बूंदी जिले के कई गांवों में करोड़ों का नुकसान हुआ।

सरकार के प्रतिनिधि लोगों के बीच जाकर केवल फोटो खिंचवाने का काम कर रहे है। अब तक पीडि़तों को कोई राहत प्रदान नहीं करवाए है। मौजूदा आपदा राहत के प्रावधान ऊंट के मुंह में जीरों के बराबर है। ये प्राकृतिक आपदा की भरपाई नहीं कर सकते।

गुंजल ने कहा- हमने सरकार से स्पेशल पैकेज घोषणा की मांग की है। अकेले निमोदा गांव में प्राकृतिक आपदा से ज्यादा मानवीय त्रुटि हुई। एक ठेकेदार जो भाजपा का कार्यकर्ता है, उसे तालाब की मछली का ठेका देकर जाल बिछाने की परमिशन दे दी। उसका परिणाम ये हुआ कि चंद पलों में देखते ही देखते गांव में पानी पानी हो गया। दिन का समय था इसलिए लोग जान बचा सकें लेकिन माल नहीं बचा पाए।जानवर तो बंधे के बंधे रह गए। इन हालातों का कौन जिम्मेदार है? इन हालातों में जब राम रूठ जाए तो राज से जनता अपेक्षा करती है। राज नौटंकी कर रहा है, मजाक कर रहा है। गुंजल ने कहा- स्मार्ट मीटर के नाम पर पूरे देश की बिजली व्यवस्था को निजीकरण की तरफ धकेलने का प्रयास हो रहा है। एक तरफ पीएम मोदी कहते है 80 करोड़ लोगों को 5 किलो गेंहू मुफ्त का देता हूं। जिस देश में 80 करोड़ लोग 5 किलो मुफ्त गेहूं पर जीवन बिता रहे हो वो क्या स्मार्ट मीटर का भुगतान कर पाएंगे। स्मार्ट मीटर का मतलब प्रीपेड व्यवस्था की तरफ कदम बढ़ाना। ये सारे देश के साथ अन्याय है। सरकार खून पीने का रास्ता निकाल रही है। इन सारी बातों को लेकर पूरी ताकत से कांग्रेस सडक़ों पर उतरेगी।

गुंजल ने कहा-कोटा में ना एसपी की चलती है, ना ही आईजी की चलती है। वो तो हाजिरी भर रहे है केवल टाइम पास कर रहे है। एक प्रमोटी व्यक्ति ओहदेदार बनकर सारी व्यवस्था को गवर्न कर रहा है। उसके चेंबर में एक तरफ पुलिस अधिकारी दूसरी तरफ शहर के टॉप क्रिमिनल बैठते है।

10 सितंबर का प्रदर्शन पीडि़त जनता की भागेदारी से अत्याचारों की तस्वीर का प्रदर्शन रहेगा। प्रदर्शन में पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा शामिल होंगे। विधानसभा चल रही है हो सकता है नेता प्रतिपक्ष ना आवें।

## इमदादी कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

# सामाजिक एकता, शिक्षा व सेवा की मिसाल



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शहर की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभा रही संस्था अंजुमन इस्लामी समिति, घंटाघर कोटा की ओर से आयोजित इमदादी (सहायता) कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम न सिर्फ आर्थिक मदद तक सीमित रहा, बल्कि इसका व्यापक उद्देश्य था - शिक्षा को बढ़ावा देना, समाज में समरसता फैलाना, और विभिन्न समुदायों को एकजुट करना। मुख्य अतिथियों का सम्मान समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित शहर क़ाज़ी जनाब जुबेर अहमद साहब और समाजसेवी जनाब मोहम्मद मियां साहब का समिति की ओर से पारंपरिक रूप से माला और शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। इस सम्मान में समाज के प्रति उनके योगदान को सराहा गया। गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिष्ठित सामाजिक, धार्मिक व राजनैतिक हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रहे, नगर निगम उप महापौर सोनू कुरैशी टा वक्फ चेयरमेन सरफराज अंसारी कैथून शहर काजी मौलाना अल्लाउद्दीन सहित अनेकों गणमान्य जन उपस्थित रहे।

समिति द्वारा सामाजिक कार्यों की डॉक्युमेंट्री भी प्रदर्शित की गयी।

## सपनों को नई उड़ान: उज्बेकिस्तान यूनिवर्सिटी में पहुँचे कोटा के युवा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** कोटा विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का दिन है। विश्वविद्यालय के तीन प्रतिभाशाली छात्रों सौरभ वैष्णव, मोनिका यादव और दिव्या सिंह अमेरा को उज्बेकिस्तान की प्रतिष्ठित सिल्क रोड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ टूरिज्म एंड कल्चरल हेरिटेज, समरकंद में मास्टर डिग्री के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है।

कुलगुरू प्रो.बी.पी. सारस्वत ने कहा कि यह उपलब्धि कोटा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। यह छात्रवृत्ति न केवल इन तीनों छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है, बल्कि आने वाले समय में अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

कोटा विश्वविद्यालय में डायरेक्टर, ऑफिस ऑफ़ इंटरनेशनल अफेयर्स डॉ. अनुकृति शर्मा ने बताया कि यह विशेष छात्रवृत्ति कोटा विश्वविद्यालय परिसर के छात्रों के लिए ही उपलब्ध कराई गई है। चयनित 03 विद्यार्थियों में दो विद्यार्थीयों ने पर्यटन विषय से छात्रवृति हासिल की है जबकि अन्य को फिजिक्स से यह छात्र मिली है। पर्यटन एवं प्रबंधन विषय पर विद्यार्थियों का रूझान बढ रहा है। डा अनुकृति ने बताया कि छात्रवृत्ति के तहत चयनित छात्रों को व्यापक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।प्रतिमाह 500 अमरीकी डॉलर छात्रवृत्ति व छात्रावास व्यय के लिए 100 अमरीकी डॉलर प्रतिमाह साथ ही उज्बेकिस्तान आने-जाने के लिए इकोनॉमी क्लास का निःशुल्क हवाई टिकट भी मिलेगा। सबसे खास बात यह है कि छात्रों को उज्बेकिस्तान की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित कराने के लिए साल में दो बार देश के प्राचीन शहरों की यात्रा भी कराई जाएगी। इस यात्रा के लिए भी प्रत्येक बार 100 अमरीकी डॉलर अतिरिक्त खर्च के रूप में दिया जाएगा।

## जीव जंतुओं, पशु पक्षियों, कीट पतंगों की आत्मशांति के लिए तर्पण

**बढ़ता राजस्थान, कोटा (का.स.)।** कर्मयोगी सेवा संस्थान के संयोजन में आयोजित 26वां 16 दिवसीय श्राद्ध तर्पण महोत्सव के तहत् सोमवार को गुरुधाम कॉलोनी रोटेदा रोड कोटा जंक्शन पर दूसरे दिन एकम का श्राद्ध किया गया। इस दौरान जीव जंतुओं, पशु पक्षियों, कीट पतंगों की आत्मशांति के लिए तर्पण किया गया। अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के संयोजन में क्रियाकांडी पंडित पवन शर्मा द्वारा विधि विधान से एकम का श्राद्ध तर्पण किया। समस्त जलचर थलचर, नभचर, जीव जंतुओं, पशु पक्षियों, कीट पतंगों की दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए समर्पित किए गए। उसके पश्चात गरीबों एवं ब्राह्मणों को भोजन करवाया गया।

संस्थापक अध्यक्ष राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि श्राद्ध तर्पण अलका दुलारी जैन कर्मयोगी, अनिल कुमार शर्मा, नीलम शर्मा, धर्मपाल सिंह, नीलम सिंह, कमल सिंह सोलंकी, हेमंत सिंह, कुसुम सिंह, धर्मपाल सिंह, भाजपा मीडिया सेल संभाग प्रभारी अरविंद सिसोदिया, नरेंद्र सिंह जादौन, विनोद कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, अंजली शर्मा, संत कुमार सिंह, राधा शर्मा, परमेश्वरी देवी, कृष्णा देवी, बसंत भरावा, महेंद्र सिंह चौहान, सागर शर्मा, तनिष्क शर्मा द्वारा किया गया। कर्मयोगी ने बताया कि मंगलवार को द्वितीया का श्राद्ध कानून की रक्षार्थ अब तक शहीद हुए पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों की आत्मा शांति एवं न्याय की सुरक्षार्थ जीवन समर्पित करने वाले सभी दिवंगत मजिस्ट्रेट एवं वकीलों की शांति हेतु समर्पित किया जाएगा। तर्पण के पश्चात रेलवे कॉलोनी थाने के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 जवानों सम्मानित किया जाएगा।

## रेल मदद पर मिली सूचना, कोटा मंडल आरपीएफ ने उज्जैन से आरोपी को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के अंतर्गत कोटा मंडल की आरपीएफ टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया और चोरी का सामान बरामद किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि रेल मदद पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के अनुसार, कोटा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 04 पर गाड़ी संख्या 19808 में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का पि बैग चोरी हो गया था। बैग में मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान लगभग 22,000 रुपये मूल्य का रखा हुआ था।शिकायत की गंभीरता को देखते हुए सहायक सुरक्षा आयुक्त अजय शर्मा ने आरपीएफ टीम गठित कर तत्परता से कार्रवाई की।

# जजावर में पर्यूषण पर्व का समापन-जैन समाज ने निकाली भगवान आदिनाथ की भव्य शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान



**जजावर (पदम शाह)।** स्थानीय जैन समाज में चल रहे दस दिनी पर्यूषण पर्व का आज भगवान आदिनाथ की भव्य शोभायात्रा एवं सामुहिक क्षमावाणी कार्यक्रम के साथ समापन हो गया । शोभायात्रा से पूर्व आज पर्यूषण के अंतिम दिन समाज के पार्श्वनाथ जैन मंदिर मे नियमित कार्यक्रमों के तहत भगवान आदिनाथ के जलाभिषेक एवं शांतीधारा के बाद पूजा अर्चना एवं शांतीपाठ सहित कई कार्यक्रम समाज के अध्यक्ष प्रवीणकुमार कासलीवाल के सानिध्य में सम्पन्न हुए। जिसके बाद अपराह्न तीन बजे जैन मंदिर से भगवान आदिनाथ की शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ । शोभायात्रा मे सबसे आगे बेंड़ बाजा जहां मधुर भजनों की स्वर लहरी बिखेर रहा था वहीं समाज की महिलाओं द्वारा किया जा रहा भगवान आदिनाथ के विमान के समक्ष भक्ति भावना से ओतप्रोत नृत्य शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वही रजत जड़ीत विमान मे विराजमान भगवान आदिनाथ की छवि एसी प्रतित हो रही थी मानो साक्षात भगवान लोगों के दुख दर्द मिटाने को।नगर भ्रमण कर रहे हो। समाज के अध्यक्ष प्रवीणकुमार जैन कासलीवाल ने बताया कि शोभायात्रा महावीर मेडिकल, गोल चबूतरे, गुर्जर मौहल्ले होती हुई वापिस जैन मंदिर पर पहुंची जहां भगवान के मंदिर प्रवेश से पूर्व कलश बंधाई की रस्म हुई एवं भगवान के अभिषेक, पूजन एवं आरती हुई एवं समाज के लोगों ने सामुहिक क्षमावाणी कार्यक्रम आयोजित कर परस्पर उत्तम क्षमा मांगते हुए गिले शिकवे दूर किए। इस कार्यक्रम मे समाज के प्रत्येक पुरुष महिला एवं बच्चों ने भागीदारी निभाई।

# टापू बन गया गांव तीन दिनों से गांव में ही कैद है ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान



**खैराबाद/कोटा(मंगलसिंह)।** बरसात बाद गांव में फेले कीचड़ से गांव के लोगो का जीना हुआ दुश्ववार हो गया है। कुकड़ा पंचायत के कूकड़ा कला गांव तहसील चेचट मे गांव वालों ने प्रशाशन ओर मंत्री से गुहार की है की गाव के लोगों को गांव से निकलने का रास्ता में मुहय्या कराएं। गांव के मनसाराम बंजारा ने व्हाट्सएप पर अपने सहयोगियों को गांव के हालात के वीडियो और फोटो डालकर सक्षम प्रशासन अधिकारी तक पहुंचाने की गुहार लगा डाली।

मनसाराम ने बताया की कूकड़ा गांव में कीचड़ बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है । रास्ते बहुत ही खराब हालत में हे गांव से पंचायत ओर कूकड़ा खुर्द तक जाने के लिए नदी के अंदर पुलिया बनी हुई है जो की बहुत ही कम हाइट पर बनी हुई है इस वजह से हल्की बारिश होने के कारण ही पुलिया के ऊपर पानी आ जाता है और गांव वाले उस पुलिया से निकलने में असमर्थ हो जाते हैं इस वजह से पुराने रास्ते जो की दरा अभ्यारण जंगल में होकर गुजरता है।

किसी आपातकालीन समस्या में गांव वालों को उस रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ता हैं जो कि उस रास्ते की हालत अभी बरसात के टाइम इतनी खराब हो चुकी है कि वहां पर चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहन तक नहीं निकल पा रहे हैं गांव वालों की समस्या का समाधान करें ओर बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं किसी मेडिकल प्रॉब्लम के चलते गांव वाले किसी मरीज को टाइम पर हॉस्पिटल नहीं पहुंच पाते पूरा गांव बहुत ही ज्यादा परेशान है। तीन दिनों से पूरा गांव कहीं नहीं जा पा रहा है पूरा गांव एक टापू बना हुआ है अत गांव वालों की समस्या का समाधान किया जाए।

## नगर पालिका बाड़ी में शहर चलो अभियान 2025 का प्री-कैम्प आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के आदेशानुसार एवं जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी तथा उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के निर्देशानुसार, अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के निर्देशन में नगर पालिका बाड़ी परिसर में शहर चलो अभियान 2025 के अंतर्गत प्री-कैम्प का आयोजन किया गया।कैम्प में सफाई, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्ट्रीट वेंडर कार्ड, नई लाइट लगवाने एवं बंद पड़ी लाइटों को चालू कराने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में कैम्प प्रभारी सुधीर कुमार त्यागी ,निश्चल बैनर्जी सहायक प्रशासनिक अधिकारी सफाई निरीक्षक यादवेंद्र सिंह तोमर, वरिष्ठ सहायक लोकेश गर्ग, सामुदायिक संगठक जोगेंद्र मीणा, ज्जश2ठ्ठ क्कद्यड्डठ्ठठ्ठद्बठ्ठद्द स्श्चद्गष्द्बड्डद्यद्बह्यह्ल (क्करूरड्ड) तपेश बिधूड़ी, तकनीकी सहायक आशीष बंसल, शिवशंकर पचौरी, मनु बिधूड़ी, अंकित कुमार,गोविंद सिंह यादव, पुनीत कपरेला सहित अन्य कार्मिक एवं पार्षद मौजूद रहे।

## पनोतिया विद्यालय की खो खो छात्रा टीम लगातार 9 वी बार बनी जिला चैम्पियन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बारार में आयोजित 34वीं जिला स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता में पनोतिया के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया।34वीं जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में पनोतिया विद्यालय के खिलाडियों ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए लगातार नौवीं बार जिला चैम्पियनशिप अपने नाम की। प्रशिक्षक पन्नालाल कुमावत, दल प्रभारी लीला कलवार और जयमाला शर्मा के नेतृत्व में 19 वर्षीय छात्र वर्ग ने शानदार खेल दिखाया। वहीं 17 वर्षीय बालिका वर्ग ने उम्दा प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।जेतपुरा में आयोजित प्रतियोगिता में 19 वर्षीय छात्र वर्ग ने श्री हरलाल रेगर व सतीश चंगेरिवाल के मार्गदर्शन में लगातार नौ वर्षों तक चैम्पियन रहने के बाद इस वर्ष उपविजेता स्थान हासिल किया। जीत की खुशी में ग्रामवासियों ने खिलाडियों और प्रभारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस उपलब्धि को विद्यालय व क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया।

## चंबल की दोस्ताना दुनियाः विलुप्तप्राय लाल सिर वाला कछुआ और घड़ियाल सिर्फ यहां सुरक्षित



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** चंबल नदी अपनी अनूठी जैव विविधता और जलचर मित्रता के लिए जानी जाती है। यहां पाए जाने वाले लाल सिर वाला कछुआ और डायनासोर वंशज घडियाल अब देश-दुनिया में विलुप्तप्राय हो चुके हैं, लेकिन चंबल की गोद में ये सुरक्षित और संरक्षित जीवन बिता रहे हैं। चंबल नदी में दुर्लभ प्रजाति के कछुए, घडियाल, डॉल्फिन और मगरमच्छ पनप रहे हैं। खास बात यह है कि यहां जलचरों के बीच अद्भुत दोस्ताना देखने को मिलता है। अक्सर घडियाल और मगरमच्छ एक साथ दिख जाते हैं, वहीं घडियाल और कछुओं की आपसी निकटता भी यहां सामान्य है। इसी दोस्ताने का अनोखा दृश्य हाल ही में सामने आया, जब एक घडियाल का बच्चा नदी के बीच टापू पर बैठे कछुए की पीठ पर चढ़ गया। इस अद्भुत क्षण को फोटोग्राफर मुन्ना निषाद ने कैमरे में कैद किया।

## धौलपुर-राजाखेड़ा मार्ग जर्जर, सांडा से दूं का पुरा तक गड्ढों से हादसे और जाम की स्थिति

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर-राजाखेड़ा मार्ग की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। सांडा गांव से दूं का पुरा तक सडक़ जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यह मार्ग उत्तर प्रदेश की सीमा से जुडऩे के साथ दर्जनों गांवों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है।

सडक़ की जर्जर स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। भारी वाहन गड्ढों में फंसने से घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। बरसात से पहले ही सडक़ पर गड्ढे थे, लेकिन बारिश में जलभराव ने इन्हें और गहरा कर दिया। इससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए सफर खतरनाक हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारी इस मार्ग से रोज गुजरते हैं, बावजूद इसके मरम्मत



कार्य शुरू नहीं हुआ। समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सांडा से दूं का पुरा तक सडक़ की तत्काल मरम्मत की मांग की थी। मगर प्रशासन और संबंधित विभाग की उदासीनता से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# आशान्वित ब्लॉक, गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक और संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम, गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक योजना और संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी सभागार से और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का बिंदुवार अवलोकन किया और कहा कि हर प्रकरण का निस्तारण तय समय सीमा में होना अनिवार्य है। उन्होंने विभागवार निस्तारण की औसत गति की तुलना कर धीमी कार्यप्रणाली वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतें अनावश्यक रूप से लंबित न रहें।



एडीएम ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्तर पर लंबित मामलों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि उच्च स्तर पर लंबित शिकायतों की जानकारी संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से दी जाए ताकि आवेदकों को शीघ्र राहत मिल सके। तीस दिन से अधिक लंबित शिकायतों वाले विभागों और पोर्टल पर सक्रिय नहीं रहने वाले अधिकारियों को सख्त हिदायत भी दी गई। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों पर भी त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा हुई। सीपीओ संजय शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा 7 जनवरी 2023 को देश के सबसे कठिन और अविकसित क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था। देश के 329 जिलों के 500 ब्लॉक इसमें शामिल हैं, जिनमें राजस्थान के 27 ब्लॉक और राजसमंद जिले का भीम ब्लॉक भी सम्मिलित है। कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, किसानों व महिलाओं के लिए योजनाएं, बुनियादी ढांचे का विकास और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसकी प्रगति 39 प्रमुख संकेतकों के आधार पर मापी जाती है। इसी प्रकार राज्य सरकार ने बजट घोषणा 2025-26 में गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना शुरू की है। इसके तहत राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ ब्लॉक को चुना गया है। योजना का उद्देश्य नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की तर्ज पर तीव्र सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करना है। मार्च 2025 तक सभी 39 संकेतकों का बेसलाइन डाटा तैयार किया जा चुका है और प्रत्येक ब्लॉक का तिमाही मूल्यांकन कर प्रगति सुनिश्चित की जाएगी।

कलक्टर ने अधिकारियों को योजनाओं की प्रभावी निगरानी, चुनौतियों की पहचान और समयबद्ध सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों के जीवनस्तर में ठोस सुधार लाना और सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य को साकार करना प्राथमिकता है।

## नेपाल जगत गुरु शिव शक्ति बाबा को मिला नेपाल कर्म श्री रत्न अलंकरण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/जयपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच ने अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित विशेष समारोह में नेपाल राष्ट्र के जगत गुरु श्री श्री 1008 सिद्ध पुरुष शिव शक्ति बाबा को नेपाल कर्म श्री रत्न अलंकरण से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें विश्व बंधुत्व एकामहे, सत्यम् शिवम् सुन्दरम् की अवधारणा को मूर्त रूप देने और भारत-नेपाल की वैदिक व सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु प्रदान किया गया।

समारोह में मंच के प्रेरणास्त्रोत अतिथि डॉ. जितेन्द्र सिंह (पूर्व कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार), निरंजन आर्य (पूर्व मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार), प्रहलाद राय टांक (अध्यक्ष, श्री यादे माटी कला बोर्ड), डॉ. हुकुमचंद गणेशिया, सवेन्द्रजीत सिंह, डॉ. अंकित गांधी और वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए.पी. सिंह ने जगत गुरु को अलंकरण प्रदान किया। मंच के बोर्ड सलाहकार सदस्य युवराज आचार्य ने बताया कि इस सम्मान के उपलक्ष्य में नेपाल के विभिन्न प्रांतों में विशेष नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, मंच के मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा ने जानकारी दी कि नेपाल में 28 और 29 दिसम्बर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती समारोह भी जगत गुरु शिव शक्ति बाबा के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार है जब नेपाल में सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किसी संत को नेपाल कर्म श्री रत्न अलंकरण से नवाजा गया है। समारोह में 25 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष महत्व प्रदान किया।

## कुरीतियों का परित्याग किए बिना समाज का विकास संभव नहीं

बढ़ता राजस्थान

**रूपबास/भरतपुर (नि.स.)।** समाज में फैली मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, नशाखोरी और शादी-विवाहों में फिजूलखर्च जैसी कुरीतियां परिवारों को कर्ज के बोझ तले दबा रही हैं। इन कुरीतियों को त्यागे बिना समाज का वास्तविक विकास संभव नहीं है। यह बात श्री राजपूत सभा रूपबास की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाध्यक्ष रेवेन्द्र सिंह पना ने कही।

बैठक की अध्यक्षता निरंजन सिंह राजावत ने की। कार्यक्रम की शुरुआत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। उपाध्यक्ष ओमप्रकाश परमार ने समाज में प्रतिभावान बच्चों को घर-घर जाकर सम्मानित करने और 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को सम्मान देने के अभियान में सभी की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।

बैठक के दौरान ग्राम दौरदा की विधवा महिला मंजू कुमारी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मंच पर मौजूद अतिथियों ने एक सिलाई



मशीन भेंट की।

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष गीतम सिंह परमार, गिर्राज सिंह बसईं, सुरेश पप्पू राजावत, राजेश जादौन, एडवोकेट विश्वेन्द्र परमार, देवेश राठौर, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हम्मीर सिंह परमार सहित अनेक गणमान्य राजपूत बंधु उपस्थित रहे।

## समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संपर्क पोर्टल पर नियमित लॉगिन करें अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिजली, पानी और मौसमी बीमारियों से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। कलक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और अधिकारी नियमित रूप से पोर्टल पर लॉगिन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कलक्टर ने कहा कि ई-फाइलिंग का औसत निपटान समय कम किया जाए और राहत दर में सुधार लाया जाए। नगर परिषद को निर्देशित किया गया कि शहर की सडक़ों पर पेचवर्क का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। वहीं, सीएमएचओ को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एंटी-लार्वा गतिविधियों को व्यापक रूप से संचालित करने, जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग कराने और जल निकासी व सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के आदेश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने गांव चलो अभियान, सहकार सदस्यता अभियान और शहर चलो अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की।

## राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल ने पूरे किए 100 वर्ष कार रैली से देश को समर्पण का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** देश के प्रमुख राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आरएमएस) ने अपनी शताब्दी वर्षगांठ पर कार रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर कर्नल रवि कौशिक ने कहा कि राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहां से निकले कैडेट्स ने न केवल सैन्य क्षेत्र में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी देश को समर्पित अधिकारी और सेवाभावी कर्मी दिए हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 100 वर्ष पूरे होने पर सभी राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों को



जोड़ते हुए एक विशेष कार रैली निकाली जा रही है, जो लगभग 6,000 किलोमीटर की यात्रा करेगी। रैली के स्थानीय केगेड प्रेसिडेंट कोऑर्डिनेटर और धौलपुर आरएमएस के जॉर्जियन डॉ. निखिल अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल देश की सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में से एक है। इसने सैन्य क्षेत्र में अनेक नामचीन हस्तियां दी हैं, जो देश के गौरव का प्रतीक हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के प्रिंसिपल अमित शर्मा ने सभी जॉर्जियनों का अभिनंदन करते हुए कहा कि वे उन लाखों विद्यार्थियों में विशिष्ट पहचान रखते हैं, जिन्होंने देश सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाया है।

कार रैली में अविनाश कुमार, अनिल डांगी, मनीष ढाका, महेश थपलिया, राजन ने धहाईया, अजय दलाल (मीडिया कोऑर्डिनेटर), साकेत सिरनाल, नवीन सविता, ब्रिगेडियर राजीव सरीन, रवि संधू, राजीव झा, अंकित अग्रवाल, पंकज सहित कई जॉर्जियन सक्रिय रूप से शामिल रहे।

कृषि समस्याओं के समाधान की माँग

# किसानों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर(मोहम्मद नज़ीर कादरी)।** अजमेर जिले के किसानों ने सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कृषि, सिंचाई, बिजली, फसल बीमा, आपदा अनुदान, समर्थन मूल्य व विपणन व्यवस्थाओं सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान की माँग की। किसानों ने कहा कि पैदावार की बढ़ती लागत, प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा की कमी और अपर्याप्त सिंचाई व बिजली आपूर्ति के कारण वे लगातार कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं।

लोकसभा में प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार किसानों पर कृषि ऋण 31 मार्च 2021 को 1.20 लाख करोड़ से अधिक था, जो बढक़र 31 मार्च




2025 तक 1.87 लाख करोड़ पहुँच गया। यह स्थिति किसानों की बढ़ती आर्थिक कठिनाइयों को दर्शाती है। किसानों ने माँग की कि कृषि उपकरणों व आदानों से जीएसटी समाप्त किया जाए, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो, समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए और लाभकारी मूल्य पर फसलों की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने फसल बीमा योजना में बदलाव, व्यक्तिगत क्लेम की सुविधा, आपदा अनुदान राशि फसल लागत के अनुसार तय करने और बकाया क्लेम व अनुदान का शीघ्र भुगतान करने की भी माँग की।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कर डामरीकरण/ग्रेवल किया जाए, चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाकर गौ-अभयारण्य बनाए जाएं और प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल लाइन से आपूर्ति सुनिश्चित हो। किसानों ने तिलहन व दलहन की समर्थन मूल्य पर खरीद पर मात्रात्मक प्रतिबंध हटाने तथा हर सहकारी समिति पर एमएसपी खरीद शुरू करवाने की भी माँग रखी।

इस अवसर पर भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गुर्जर, मंत्री हीरा सिंह रावत, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापत, तहसील अध्यक्ष नसीराबाद गोवर्धन लाल गुर्जर, सत्यनारायण जांगिड़, सूरज रावत, रामलाल माकड़वाली, प्रभु जाट बनेवड़ी, महिला मोर्चा अध्यक्ष मधु खोज सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रामवासियों ने निकाला विजय जुलूस

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कोटड़ी कला विद्यालय की छात्रा टीम विजेता

**बढ़ता राजस्थान**




**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** निंबाहेड़ा उपखंड की ग्राम पंचायत कोटड़ी कला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा टीम ने 69वीं जिला स्तरीय 19 आयु वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता बनकर गांव का नाम रोशन किया। टीम की इस ऐतिहासिक जीत पर ग्रामवासियों एवं विद्यालय परिवार ने खिलाडियों का भव्य स्वागत किया।

जीत की खुशी में पूरे गांव में विजय जुलूस निकाला गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और टीम का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच कैलाश साहू, वार्ड पंच राजमल सुथार, अर्जुन मेघवाल, स्रूष्ट अध्यक्ष जगदीश साहू, राधेश्याम मीणा, लाइनमैन छोग मल बैरागी, कन्हैयालाल मीणा, किशोर रावल, विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य पूरण मल सुथार, ललित सिंह सोलंकी, कुलदीप सिंह चौधरी, गोपाल लाल मीणा, छत्रपाल सुमन, राकेश मीणा, श्रीमती सुशीला मीणा, पुरुषोत्तम शर्मा, कुंदन मीणा, कालूलाल, मन्नालाल, कैलाश आमेटा, एवं हुक्म सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्था प्रधान पूरण मल सुथार ने विजेता खिलाडियों और टीम प्रभारियों का अभिनंदन कर उनका सम्मान किया। समापन समारोह का संचालन कुलदीप सिंह जाट ने किया जबकि आभार प्रदर्शन ललित सिंह द्वारा किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर बूंदी में जिला स्तरीय समारोह



**बढ़ता राजस्थान**

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सोमवार को बूंदी में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कुंजबिहारी भारद्वाज ने की। कार्यक्रम में जिला साक्षरता अधिकारी योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि बूंदी जिले में साक्षरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इस वर्ष 60 हजार से अधिक असाक्षर लोगों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि आज साक्षरता का अर्थ केवल पढऩा-लिखना भर नहीं है, बल्कि इसमें डिजिटल साक्षरता और वित्तीय समझ भी शामिल है। विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व शिक्षा अधिकारी त्रिभुवन गौतम ने नवसाक्षरों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से न केवल जीवन की दिशा बदलती है, बल्कि समाज भी सशक्त होता है। समारोह में खटकड़ ग्राम पंचायत के सरपंच भवानीशंकर मीणा का भी सम्मान किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले से सम्मानित हो चुके मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर नरेगा मजदूरों को साक्षर बनाने की मुहिम चलाई जा रही है।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भारद्वाज ने सभी को साक्षरता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रत्येक ब्लॉक से आए नवसाक्षर लोगों और स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जे.के. सीमेंट परिसर में आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ गणेशोत्सव



**बढ़ता राजस्थान, निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** जे.के. सीमेंट परिसर में ग्यारह दिवसीय गणेशोत्सव धार्मिक और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 6 सितम्बर को मंगल मंडप में गणपति जी की वैदिक विधि से पूजा-अर्चना की गई। अपराह्न में हवन-पूर्णाहुति और महाआरती में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने भाग लिया। इसके बाद केलाश नगर में गणपति जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरिया और अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष लगाए। शोभायात्रा के दौरान गुलाल-अबीर और पुष्पवर्षा के बीच भक्तों ने नृत्याभिनय कर आनंद प्रकट किया। सायंकाल आरती के बाद गणेश प्रतिमा का श्रद्धाभाव से विसर्जन किया गया। इसके पश्चात प्रसादी स्वरूप स्नेहभोज का आयोजन हुआ।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के साथ 10 सितम्बर को मनाया जाएगा विश्व आत्महत्या रोकथाम

**बढ़ता राजस्थान, भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** आत्महत्या जैसी गंभीर सामाजिक समस्या की रोकथाम और समाज में सकारात्मक सोच का वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाएगा। वर्ष 2025 की थीम आत्महत्या के प्रति धारणा में बदलाव - कार्रवाई हेतु आह्वान: बातचीत की शुरुआत करें पर आधारित इस अवसर पर जिलेभर के स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और चिकित्सा इकाइयों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि आत्महत्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसके दूरगामी सामाजिक, आर्थिक और भावनात्मक प्रभाव पड़ते हैं। भारत में विशेषकर विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की घटनाएं चिंताजनक रूप से बढ़ रही हैं। इस दिन का उद्देश्य समाज को जागरूक करना और युवाओं को यह समझाना है कि मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य का। डॉ. शर्मा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में आत्महत्या समस्या का समाधान नहीं है।

# अजमेर में श्री अग्रवाल श्याम प्रेम मंडल का छठवां वार्षिकोत्सव 12 व 13 सितंबर को, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**बढ़ता राजस्थान**



**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर कादरी)।** श्री अग्रवाल श्याम प्रेम मंडल द्वारा 12 व 13 सितंबर को छठवां श्याम वार्षिकोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर 12 सितंबर को स्टेशन रोड स्थित महर्षि विश्रांति गृह (किंग एडवर्ड मेमोरियल) से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो श्याम नगर भ्रमण करेगी। मंडल के सतीश बंसल और आशीष अग्रवाल ने बताया कि बाबा श्याम का 21 फीट ऊंचा रथ बरेली से मंगवाया गया है, जिसे बैंगलोर के फूलों से सजाया जाएगा। श्याम भक्त इसे अपने हाथों से खींचेंगे। शोभायात्रा में त्रिनेत्र गणेश जी, 20 फीट ऊंचे कंकाल रथ पर महाकाली, राधा-कृष्ण की झांकी, दिल्ली की गरबा पार्टी, संजीव नंदी पर शिव और उनके गणों की झांकी प्रमुख आकर्षण होंगे। आदर्श सेवा समिति के 40 से अधिक सेवक जूते-चप्पल संभालने की व्यवस्था करेंगे। बुजुर्गों और महिलाओं के लिए अलग से बैठने की सुविधा होगी। इस अवसर पर नितेश बिंदल, संदीप गोयल, मनीष बंसल, आकाश अग्रवाल, कल्पित डिडवानिया, लोकेश चौधरी, आशीष अग्रवाल और खुशम सिंगल उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक योजनाओं में भेदभाव बंद कर सभी वर्गों को समान लाभ दे सरकार - कोठारी

**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं में भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से सभी अल्पसंख्यक वर्गों को समान रूप से लाभ देने की मांग की।

कोठारी ने कहा कि भारत सरकार ने जैन, सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध और मुस्लिम - इन छह वर्गों को अल्पसंख्यक सूची में शामिल किया है। लेकिन जब योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या पर नजर डाली जाती है, तो केवल एक समुदाय विशेष को ही अधिकांश लाभ मिलता है। उन्होंने स्कूटी वितरण, छात्रवृत्ति, ऋण वितरण और मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनाओं में असमानता का उल्लेख किया।

विधायक ने यह भी कहा कि विभाग अपनी वार्षिक और अन्य प्रगति रिपोर्ट में कुल लाभार्थियों की संख्या तो बताता है, लेकिन समाजवार विवरण नहीं देता।

# *जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में थाणा विद्यालय ने मारी बाजी

**बढ़ता राजस्थान**




**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता (17 व 19 वर्ष) 4 सितंबर से 7 सितंबर तक पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलाबपुरा में आयोजित हुई। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला महामंत्री प्रेम शंकर जोशी के अनुसार प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थाणा के छात्र-छात्रों ने 7 गोल्ड 9 सिल्वर 3 ब्रांज कुल 19मेडल जीतकर जनरल चैंपियनशिप हासिल की। प्रधानाचार्य बिना पचेरवाल ने बताया कि विद्यालय से धर्मराज, देवेंद्र , जितेंद्र सिंह ,दुर्गा कुमारी ,समुद्र सिंह कुल पांच बच्चों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी एवं योगासन प्रशिक्षक प्रधानाचार्य भीमाराम बुनकर के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। बालकों की इस उपलब्धि के लिए टीम प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह, वंदना उपाध्याय, लीला चनिया, तथा राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार, कविता बाई, सुगर सिंह, रूप सिंह, सुनील शर्मा,, कुलदीप, सुनील जैन का विशेष योगदान रहा।

## अजमेर वित्तीय समावेशन योजनाओं के संबंधित अभियान के शिविर होंगे आयोजित

**बढ़ता राजस्थान, अजमेर (घनश्याम दास)।** जिले में वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संबंधित अभियान आगामी 30 सितम्बर तक संचालित होंगे। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर जन-धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभांवित किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के पुराने खातों की केवाईसी करने के साथ ही नए जन-धन खाते हाल ही में व्यस्क हुए व्यक्तियों के खोले जाएंगे।

# क्षमावाणी पर्व पर जैन समाज की भव्य शोभायात्रा निकली

**बढ़ता राजस्थान**



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** क्षमावाणी पर्व के अवसर पर सोमवार को जैन समाज ने शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा का शुभारंभ चौगान गेट स्थित जैन मंदिर से हुआ, जो मुनि वैराग्य सागर महाराज, मुनि सुप्रभ सागर महाराज, आर्यिका सत्यमती माताजी और आर्यिका हेमश्री माताजी के सानिध्य में निकाली गई। चातुर्मास समिति के मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि शोभायात्रा चौगान जैन मंदिर से प्रारंभ होकर इंदिरा मार्केट, अहिंसा सर्किल, एक खंभे की छतरी, कोटा रोड होते हुए पुनः चौगान जैन मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में चांदी की पालकी में भगवान की प्रतिमा को समाजजन कंधों पर उठाकर चल रहे थे। मंदिर पहुंचने पर भगवान का विधिवत अभिषेक किया गया। इस दौरान पारस प्यारा लागो, केसरिया-केसरिया, पंखिड़ा रे उड़ के चलो पावापुरी रे जैसे भजनों की धुन पर महिलाएं नृत्य करती हुईं शोभायात्रा में शामिल रहीं। समाज के महिला, पुरुष और बच्चों की बड़ी संख्या ने उत्साह और श्रद्धा के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। क्षमावाणी पर्व पर निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और सौहार्द का वातावरण बना दिया।

**घर-घर जाकर जाने जलभराव क्षेत्र के हाल, जन जन की सुनी पीड़ा**

# अजमेर जलभराव के क्षेत्र का जायजा लिया उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने

**बढ़ता राजस्थान**



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर के बोराज तालाब की पाल टूटने से जलभराव के बाद जिले की प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार को स्वयं पीडि़तों के बीच पहुंची, वे करीब एक किलोमीटर तक पैदल चलकर जलभराव के बाद प्रभावित क्षेत्रा, कॉलोनी, पाल, खेत व आसपास के इलाके में पहुंची। उन्होंने पीडि़त परिवारों से बात की और जल्द मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने अनेक घरों को स्वयं अन्दर जाकर देखा। नुकसान पीडि़तों को क्षति की भरपाई शीघ्र करने को आश्वस्त कर ढांढस बंधाया। क्षेत्रा में सर्वे के अनुसार परिवारों को मुआवजा दिलाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तालाब की पाल टूटने से जलभराव के पश्चात स्वास्तिक नगर में हुई क्षति का जिला कलक्टर श्री लोकबंधु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा एवं एडीए व नगर निगम के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को पूरी सतर्कता के साथ राहत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बोराज तालाब की पाल टूटने से स्वास्तिक नगर सहित आसपास की कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति बनी थी। इसके चलते भवनों एवं संपत्तियों को हुए नुकसान का सर्वे कराया गया है। प्रशासन द्वारा गुरूवार रात्रि से ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। जलभराव वाले क्षेत्रों से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। उनके लिए भोजन, पानी, दवा एवं ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को हर संभव सहयोग प्रदान करने को निर्देशित किया है। प्रभावित व्यक्तियों के नुकसान का सर्वे कर मुआवजा एवं नियमानुसार क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा तालाब के पास जल बहाव और जलभराव के पश्चात क्षेत्र से निवासियों को सुरक्षित बाहर निकालकर नजदीकी राजकीय विद्यालय में बनाए आश्रय स्थल पर भेजा गया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रा का विस्तृत सर्वे अनुसार त्वरित क्षति पूर्ति की जाए। जल निकासी के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। साथ ही तालाब की पाल के पुनर्निर्माण और भविष्य में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पुख्ता जल निकासी व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा पश्चात तालाब की पाल की मरम्मत कराई जाएगी और प्रभावितों को नियमानुसार क्षति के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान उनके साथ देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा, अध्यक्ष रमेश सोनी, नगर निगम की महापौर ब्रजलता हाडा, उपमहापौर नीरज जैन, जिला कलक्टर लोक बंधु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त श्रीमती नित्य के., नगर निगम आयुक्त श्री देशल दान, उपखंड अधिकारी गरिमा नरूला उपस्थित थे।

# दहेलवाल महाराज मेले का विधिवत शुभारंभ, पार्षदों ने जताया रोष

**बढ़ता राजस्थान**



**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** नगर पालिका द्वारा आयोजित ऐतिहासिक दहेलवाल महाराज मेले का सोमवार को विधिवत उद्घाटन हुआ। शुभारंभ से पूर्व पालिका कार्यालय में गणेश महाराज की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जुलूस पालिका कार्यालय से रवाना होकर देईपोल चुंगी नाका, भगत सिंह सर्किल, पालिका विश्रांत भवन होते हुए दहेलवाल महाराज मंदिर पहुंचा, जहां आचार्य कृष्ण बिहारी शर्मा और नरेश शर्मा ने पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष सरिता नागर, मंडल अध्यक्ष अनिल रंगीला, महेंद्र नागर, फतेह सिंह, भवानी सिंह सोलंकी, गोपी लाल सैनी, नरेंद्र निर्मल, जगदीश जोशी, मंत्री सूरज गुर्जर, एडवोकेट मनमीत कौर, कृष्ण मुरारी तिवारी, मनोज भट्ट, रामलाल सैनी, केसरलाल नोगिया सहित बड़ी संख्या में पार्षद, पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूजा के बाद जुलूस गांधी विश्रांत भवन पहुंचा, जहां उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा और स्थानीय बुद्धिजीवी भी उपस्थित थे। पालिकाध्यक्ष सरिता नागर ने बताया कि 16 सितम्बर से मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों के बाद भजन संध्या, राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑर्केस्ट्रा और अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

उद्घाटन के बीच कुछ पार्षदों ने मेले के आयोजन स्थल बदलने और टेंडरों में समय पर कॉपी उपलब्ध न कराने पर रोष जताया। उन्होंने कार्यालय का ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। पार्षदों का कहना था कि उनकी राय लिए बिना निर्णय लिया गया है। इस पर पालिकाध्यक्ष सरिता नागर ने आरोपों को निराधार बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही देखी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी की पहल पर डीडवाना के श्री बांगड महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही देखी। इस अवसर पर श्री देवनानी ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की गहन जानकारी दी। उन्होंने संविधान की गरिमा बनाए रखने और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक पीतल द्वार पर विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे और विधायक श्री युनूस खां के साथ सामूहिक चित्र लिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस ऐतिहासिक अनुभव के लिए विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

### लैंड वेलिडेशन एक्ट से प्रदेश में आसान बनेगी उद्योगों की राह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश की आर्थिक मजबूती एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य की बेशकीमती भूमि सस्ती दर पर उद्योगों को दी जाती है। उन्होंने कहा कि उद्योग एवं इससे सम्बंधित अन्य विषयों के आसान स्पष्टीकरण के लिए लैंड वेलिडेशन एक्ट लाया जाएगा, जिसके द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में गैर औद्योगिक उद्देश्यों के लिए निर्धारित अधिकतम सीमा जैसी समस्याओं का निवारण कर दिया जाएगा। इस एक्ट के अंतर्गत नियम बनाकर पेनल्टी एवं कन्वर्जन जैसे आवश्यक विषयों को प्रदेश के हित में लागू किया जाएगा। उद्योग मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में स्थापित 44 औद्योगिक क्षेत्रों में से 40 औद्योगिक क्षेत्रों में गैर औद्योगिक उद्देश्यों के लिए निर्धारित अधिकतम सीमा के नियम का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने बताया कि इन 40 औद्योगिक क्षेत्रों का नियोजन वर्ष 2011 से पूर्व हुआ था एवं उस समय गैर औद्योगिक उद्देश्य की अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं थी तथा शेष 4 औद्योगिक क्षेत्र वर्ष 2011 के बाद से नियोजित हुए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में 14 औद्योगिक क्षेत्रों में गैर औद्योगिक उपयोग की सीमा 20 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई थी।

### तहसील विजयनगर के ग्राम धांधड़ा बारानी तथा गोमावाली बारानी की चकबंदी की अधिसूचना 21 अगस्त, 2025 को जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि तहसील विजयनगर के ग्राम धांधड़ा बारानी तथा गोमावाली बारानी की चकबंदी की अधिसूचना 21 अगस्त, 2025 को जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि एक संपूर्ण प्रक्रिया के तहत संपन्न होने वाली चकबंदी की कार्यवाही में किसी प्रकार की देरी के लिए किसी व्यक्ति विशेष को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। पटेल प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का राजस्व मंत्री की तरफ से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एक सामान्य प्रक्रिया के तहत चकबंदी की कार्यवाही की जाती है। जिसके तहत सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने पर अधिसूचना जारी की जाती है। इससे पहले विधायक श्री सोहन लाल नायक के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि तहसील विजयनगर के ग्राम धांधड़ा बारानी तथा गोमावाली बारानी का चकबन्दी कार्य समुचित प्रक्रियाओं के तहत् अभिलेख कार्य सूची संख्या 01 ता 08 का कार्य पूर्ण हो चुका है।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा

# राज्य स्तरीय पंच गौरव समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय पंच गौरव समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुई। बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम की प्रगति, जिला स्तरीय कार्ययोजनाओं एवं नोडल विभागों के प्रस्तावों की समीक्षा की गई। चयनित जिलों को बजट आवंटन और पुनर्विनियोजन से जुड़े विषय भी एजेंडे में शामिल रहे। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और सतत मॉनिटरिंग के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर समितियाँ सक्रिय रहें और उपखण्ड स्तर पर नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध कार्ययोजना के अनुसार लागू किया जाए, विभागों के बीच समन्वय सुदृढ़ किया जाए और पंचायत स्तर तक विशेष अभियान चलाकर अधिकतम लाभार्थियों तक पहुँचा जाए। साथ ही वित्तीय प्रावधानों और बजट उपयोग की नियमित समीक्षा कर कार्यक्रम का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुँचाया जाए। आयोजना विभाग के निदेशक श्री विनेश सिंघवी ने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम को राज्य सरकार ने फ्लैगशिप योजना घोषित किया है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों से कार्ययोजनाएँ प्राप्त कर उनका परीक्षण संबंधित विभागों से कराया जा चुका है। उन्होंने बैठक के एजेंडा में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इनमें जिला स्तरीय समितियों से प्राप्त 406 करोड़ की कार्ययोजनाओं पर विचार, नोडल विभाग की अनुशंसा पर 86.18 करोड़ का बजट जिलों को आवंटित करने पर चर्चा, तथा 100 करोड़ के प्राविधिक बजट को विभिन्न मदों में पुनर्विनियोजित करने का प्रस्ताव प्रमुख रहे। इसके साथ ही प्रत्येक संभाग के जिलों को 50 लाख और अन्य जिलों को 25 लाख अनटाइड फंड उपलब्ध कराने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया और निर्णय हुए। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न गौरव घटकों-उपज, वनस्पति प्रजाति, उत्पाद, पर्यटन स्थल और खेल के लिए जिला एवं विभाग स्तर पर विस्तृत अनुमोदन स्वीकृत किए गए हैं, ताकि कार्यक्रम का क्रियान्वयन गति पकड़ सके।



### बैठक में अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में प्रमुख शासन सचिव पर्यटन एवं कला संस्कृति श्री राजेश कुमार यादव, प्रमुख शासन सचिव वित्त श्री वैभव गालरिया, शासन सचिव युवा एवं खेल विभाग श्री नीरज के पवन, आयुक्त कृषि एवं उद्यानिकी सुश्री चिन्मयी गोपाल, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन विभाग श्रीमती टी जे कविथा उपस्थित रहे। साथ ही कृषि, वन, उद्योग, पर्यटन एवं खेल सहित सभी नोडल विभागों तथा अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## बौद्धिक दिव्यांग गृह आवासनी मृतका का नियमानुसार किया गया दाह संस्कार:अविनाश गहलोत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर.** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि जामडोली स्थित राजकीय बौद्धिक दिव्यांग गृह में पिछले दिनों मृतक आवासनी का अंतिम संस्कार पुलिस विभाग के नियमों के अनुसार किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि 6 अगस्त, 2016 को सीमा द्वितीय आवासनी को बौद्धिक दिव्यांग गृह (बालिका विंग) जामडोली जयपुर में प्रवेश दिया गया। 26 मार्च, 2025 को इस आवासनी की तबीयत खराब होने पर सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान 29 अप्रेल 2025 को रात्रि 10:30 बजे मृत्यु हो पर जाने के कारण सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर उक्त आवासनी के माता-पिता के अज्ञात होने के कारण नियमानुसार कार्यवाही के लिए जामडोली थाने को 30 अप्रेल 2025 को सूचित किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त आवासनी के शव का 5 मई, 2025 को पोस्टमार्टम पश्चात् पुलिस द्वारा सुपुर्दगी करते ही उसी दिन 5 मई को दाह संस्कार की कार्यवाही की गयी। श्री गहलोत ने कहा कि जयपुर के जामडोली स्थित राजकीय बौद्धिक दिव्यांग गृह में मानसिक रूप से विमंदित बच्चों को रखा जाता है। इन बच्चों की प्रतिरोधात्मक क्षमता कम होती है और शारीरिक रूप से कमजोर होते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग के द्वारा 27 सितंबर 2021 को जारी सर्कुलर के नियमों के अनुसार ही आवासनी का दाह संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि मृतका की मृत्यु अस्पताल रिपोर्ट के अनुसार Lower Respiratary Tract Infection (Pneumonia) के कारण हुई। इससे पहले विधायक श्री रफीक खान के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सामाजिक न्याय मंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के सर्कुलर के अनुसार मृतक का शव स्थानीय चिकित्सालय में कम से कम 72 घंटे सुरक्षित रखा जाए।

## प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में यूरिया की उपलब्धता

# मांग के अनुसार यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की सभी जिलों में आपूर्ति : कृषि मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में यूरिया की उपलब्धता है एवं सभी जिलों में मांग के अनुसार यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की आपूर्ति की गई है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि उर्वरकों के वितरण एवं आपूर्ति में अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कृषि मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 एवं 2025 में चूरू जिले में यूरिया की मांग अनुसार आपूर्ति करवाई गई एवं अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि से डीएपी उर्वरक की आपूर्ति प्रभावित हुई। चूरू जिले के साथ प्रदेश में डीएपी की आंशिक कमी को देखते हुए डीएपी के वैकल्पिक उर्वरक एसएसपी एवं एनपीके की आपूर्ति कृषकों को की गई। उन्होंने कहा कि फ़र्टिलाइज़र की कालाबाजारी करने वालो पर सरकार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। विभाग की विजिलेंस टीम द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किये जा रहे है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान सरकार के दो साल से भी कम के कार्यकाल में 117 औचक निरीक्षण किये गए जबकि गत सरकार के पूरे कार्यकाल में एक भी औचक निरीक्षण नहीं किया गया। वहीं 423 नमूने, 80 सीजर, 64 एफआईआर की कार्यवाही भी वर्तमान सरकार द्वारा की गई जो अब तक की सर्वाधिक है। कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा गुणवत्तायुक्त उर्वरक किसानों को उपलब्ध कराने के लिए 28 हजार से अधिक नमूने लेकर 126 लाइसेंस निलंबित, 37 निरस्त एवं 11 अधिकारियों को निलंबित करने की कार्यवाही भी की गयी है। उन्होंने कहा कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों को प्राथमिकता के आधार पर फ़र्टिलाइज़र उपलब्ध करवाया जाता है जिससे उचित मूल्य पर किसानों को उर्वरक प्राप्त हो। फ़र्टिलाइज़र के साथ अन्य उत्पाद खरीदने पर किसान को मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसे मामले पाये जाने पर दो बड़ी कम्पनियों के गोदाम सील किये गये है। उन्होंने सदन को बताया कि उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति के लिए मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, मुख्य सचिव, शासन सचिव कृषि विभाग स्तर से केंद्र सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय को पत्र भी लिखा गया है। इससे पहले विधायक श्री पूसाराम गोदारा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों को खाद उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार द्वारा गत वर्षो में हुई खपत,उपलब्ध स्टॉक एवं बुवाई क्षेत्रफल के आधार पर उर्वरकों की मांग का आंकलन तैयार कर खरीफ एवं रबी फसल मौसम पूर्व कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग, भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाता है, जिसका आवंटन एवं आपूर्ति का निर्धारण केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 (अप्रेल से मार्च तक) में चूरू जिले की 37 हजार 194 मी.टन यूरिया की मांग के विरूद्ध एक अप्रेल 2024 को जिले में उपलब्ध आरम्भिक स्टॉक सहित 39 हजार 224 मी.टन की आपूर्ति हुई है एवं 13 हजार 894 मी.टन डीएपी की मांग के विरूद्ध 11 हजार 411 मी.टन की आपूर्ति हुई है।

# लंबित कृषि कनेक्शन उपलब्ध संसाधनों के आधार पर वरीयतानुसार जारी होंगे: नागर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि विधान सभा क्षेत्र नवलगढ़ में 31 दिसम्बर, 2023 तक कुल 1486 जमा मांगपत्र आवेदकों के कृषि कनेक्शन एवं 574 आवेदन मांगपत्र जारी करने हेतु लंबित थे। राज्य सरकार द्वारा 01 जनवरी, 2024 के पश्चात 31 अगस्त 2025 तक कुल 1213 कृषि विद्युत कनेक्शन जारी जारी किये गये। शेष लंबित जमा मांगपत्र वाले आवेदकों के कृषि कनेक्शन उपलब्ध संसाधनों के आधार पर वरीयतानुसार जारी किये जा रहे हैं। विधायक श्री विक्रम सिंह जाखल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश में 31 दिसम्बर, 2023 तक लंबित कृषि कनेक्शन आवेदनों का जिलेवार विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी, 2024 से 31 जुलाई, 2025 तक प्रदेश में 1 लाख 59 हजार 29 कृषि कनेक्शन जारी किये गये। जिनका जिलेवार विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। श्री नागर ने बतया कि लंबित जमा मांग पर आवेदकों के कृषि कनेक्शन उपलब्ध संसाधनों के आधार पर वरीयतानुसार जारी किये जा रहे हैं। अन्य योजनाओं जैसे बूंद-बूंद फव्वारा एवं डिग्गी योजना इत्यादि के मांगपत्र तुरन्त प्राथमिकता से जारी कर कृषि कनेक्शन वरीयतानुसार जारी किये जा रहे हैं। इसी प्रकार सामान्य योजना में सामान्य श्रेणी के 22 फरवरी, 2022 के पश्चात के लंबित पंजीकृत आवेदकों के मांगपत्र राज्य सरकार द्वारा घोषित कटऑफ डेट के अनुसार जारी किये जाएंगे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## सिरोही प्रभारी मंत्री विश्नोई की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

# अतिवृष्टि से हुए नुकसान एवं बजट घोषणाओं के त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा कर दिए आवश्यक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** सिरोही जिले के प्रभारी मंत्री श्री के.के. विश्नोई की अध्यक्षता में आत्मा सभागार में अतिवृष्टि से हुए नुकसान एवं बजट घोषणाओं के त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री विश्नोई ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के सम्बन्ध में अनुपम कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रदेश के विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए बताया कि राज्य सरकार प्रदेश की जनता के साथ हर सुख दुख में पूर्ण तत्परता के साथ खडी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने की बात कही। प्रभारी मंत्री श्री विश्नोई ने इस दौरान अतिवृष्टि की स्थिति में मकानों, फसलों, और पशुधन के नुकसान की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राहत बचाव आदि कार्यों को तत्परता से करने के निर्देश दिये साथ ही जिले में जर्जर भवनों, टूटी सडकों आदि की समीक्षा करते हुए मरम्मत के सम्बन्ध में भी शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आमजन के हित के लिए पूर्ण तत्परता के साथ कार्य करें और अलर्ट मोड पर रहे। राज्य सरकार वर्षा प्रभावित लोगां को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस दौरान फसल नुकसान, मकान क्षति और पशु हानि आदि की विस्तृत समीक्षा की और प्रस्ताव आदि तैयार करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करने की बात भी कही साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को कृषि पर्यवेक्षकों के माध्यम से योजनाओं का प्रचार प्रसार करने तथा वृहद स्तर पर काश्तकारों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री विश्नोई ने वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की विभागवार समीक्षा भी की इस दौरान उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को बजट घोषणाओं के सम्बन्ध में समयबद्ध सफल क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे विभिन्न प्रयास और वृक्षारोपण का कार्य प्रदेश सरकार की महती प्राथमिकता है कोई भी विभाग लापरवाही ना बरतते हुए आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के बाद जियो टैगिंग और पौधां की सार संभाल करते हुए पूर्ण गंभीरता से कार्य किया जाए और सभी के द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाई जाए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com "पीआरवी एक्ट के तहत समाचार चवन के लिए जिम्मेदार